page 1_Layout 1 09-10-2026 21:41 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शनिवार , 10 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :167 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



भारतीय मूल की नवी पिल्लै को मिला 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार

नई उपलब्धि से बढ़ाया भारतवंशियों का मान

भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी न्यायविद नवी पिल्लै को अंतरराष्ट्रीय कानून और शांति को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी उपलब्धि दुनिया भर में न्याय और मानवाधिकारों के लिए काम करने वालों को प्रेरित करती है।

शेयर बाजार लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद बढ़त के साथ बंद



मुंबई । भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 879.09 अंक या 1.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,472.33 और निफ्टी 288.65 अंक या 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,520.45 था। सत्र में खरीदारी को सहारा आईटी शेयरों ने दिया। सूचकांकों में निफ्टी आईटी 3 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था।

डीआरआई ने सोने की तस्करी के मामले में 1.8 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया



नई दिल्ली । राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने लगेज ट्रॉलियों के जरिए सोने की तस्करी के एक मामले में 1.3 किलोग्राम सोने के बिस्कुट जब्त किए हैं। जब्त किए गए सोनो की कीमत 1.8 करोड़ बताई गई है। आरोप है कि दो आरोपियों ने मलेशिया के कुआलालंपुर से सोना लाया और उन्हें लगेज ट्रॉलियों में चिपकाकर छिपा दिया। आरोपियों ने उन भोले-भाले यात्रियों को निशाना बनाया जो इन ट्रॉलियों में बैठकर सीमा शुल्क पार कर रहे थे। बताया जाता है कि उन्होंने यात्रियों का पीछा किया और बाद में ट्रॉलियों से सोना निकाल लिया। उन्होंने भोले-भाले यात्रियों को अनजाने में वाहक बनाकर उनकी जानकारी के बिना ही सोना ढोया।

आरबीआई रेपो रेट में तीन बार और कर सकता है वृद्धि, विकास दर 7 प्रतिशत पर रहेगी बरकरार : गोल्डमैन सैश



मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक जून 2027 तक तीन बार और कुल 75 आधार अंक की रेपो रेट में वृद्धि कर सकता है। हालांकि, इस दौरान देश की विकास दर करीब 7 प्रतिशत रह सकती है। यह बयान गोल्डमैन सैश में भारत के लिए मुख्य अर्थशास्त्री शांतनु सेनगुप्ता ने शुक्रवार को दिया। एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट के मुताबिक सेनगुप्ता ने एलनीनो के 2027 में आर्थिक वृद्धि और महंगाई पर प्रभाव को लेकर चिंता जताई। अल नीनो को 2027 के लिए खतरा बताते हुए सेनगुप्ता ने कहा कि अल नीनो, जिसे कई वित्तीय बाजार भागीदारों ने अभी तक पूरी तरह से ध्यान में नहीं रखा है, 2023 की तुलना में 2027 के लिए ज्यादा बड़ा जोखिम है।

उपचुनाव के नतीजे भाजपा-एनडीए के सुशासन पर जनता के भरोसे का प्रमाण : पीएम मोदी

कहा, यह जीत सुशासन के एजेंडे पर जनता के गहरे भरोसे का प्रतीक

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। उपचुनावों में भाजपा को मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का आभार व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि यह जीत सुशासन के एजेंडे पर जनता के गहरे भरोसे का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने लिखा, लोगों के लगातार मिल रहे आशीर्वाद के लिए उनका आभार। नगांव (असम) के लोकसभा चुनाव और नंदीग्राम व रेजीनगर (पश्चिम बंगाल) के विधानसभा चुनाव के नतीजे एक बार फिर दिखाते हैं कि लोगों का भाजपा-एनडीए के सुशासन के एजेंडे से गहरा जुड़ाव है।÷ पीएम मोदी ने जीत हासिल करने वाले सभी भाजपा उम्मीदवारों को बधाई दी और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने लिखा, ÷मैं जीत हासिल करने वाले भाजपा उम्मीदवारों को बधाई देता हूं और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की भी सराहना करता हूं। पश्चिम बंगाल की रेजीनगर विधानसभा सीट पर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यहां भाजपा के शंखरावह सरकार ने 1,29,914 वोट हासिल कर 75 हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं नंदीग्राम सीट, जिसे कभी ममता बनर्जी बनाम सुवेंदु अधिकारी की लड़ाई के लिए जाना जाता था, वहां भी भाजपा ने अपना दबदबा बनाए रखा है। इसी तरह असम की नगांव लोकसभा सीट पर भी भाजपा ने जीत हासिल की है। इस सीट को असम में भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता है और यहां की जीत ने एक बार फिर पूर्वोत्तर में पार्टी की पकड़ को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने अपने सहयोगी दल को भी बधाई दी। उन्होंने लिखा, मैं पुडुचेरी की थट्टनचावडी सीट पर जीत के लिए एनडीए के अपने अहम सहयोगी, एआईएनआरसी को भी बधाई देता हूं। पुडुचेरी में एनडीए गठबंधन में शामिल ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने थट्टनचावडी सीट पर जीत दर्ज की है। पीएम मोदी ने अपने संदेश के अंत में कहा, यह जनादेश हमें और मजबूती देगा, क्योंकि हम लोगों की भलाई और उनके बेहतर व समृद्ध भविष्य की उम्मीदों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

नेपाल : स्कूल बस खाई में गिरने से 4 छात्रों समेत 5 की मौत, 14 घायल

- इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायल छात्रों को पास के अस्पतालों में ले गए

डेली आवाज भारती



काठमांडू : नेपाल में एक स्कूल बस के खड़ी ढलान से 650 फ़ीट नीचे गिरने से पांच लोगों की मौत 19 लोग घायल हो गए। शुक्रवार को पोखरा में बस का कंट्रोल खोने और पहाड़ी से नीचे लुढ़कने के बाद चार छात्र और एक छात्र के पिता मृत पाए गए।

इस भयानक हादसे में मारे गए लोगों में तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल था, साथ ही एक अभिभावक भी था जिसने बस में लिफ्ट ली थी। मृतकों में ममता तिवारी (15), असीम कंदेल (13), शुभेच्छा तिवारी (15) और एक छात्र के पिता बाबूराम तिवारी (65) शामिल हैं। लगभग 15 वर्ष की एक अन्य छात्रा की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। कालिका बोर्डिंग स्कूल की यह बस ट्यूशन क्लास से छात्रों को घर ले जा रही थी, तभी यह ढलान से 650 फ़ीट नीचे गिर गई।

यह हादसा पोखरा मेट्रोपॉलिटन सिटी-28 में माझथाना के पास, बिजयपुर आर्मी बैरक के ठीक उत्तर में हुआ। इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायल छात्रों को पास के अस्पतालों में ले गईं। पुलिस के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल दीपेंद्र जीसी ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए गंडकी मेडिकल कॉलेज और वेस्टर्न रीजनल हॉस्पिटल ले जाया गया। हादसे के बाद बचाव दल और बचे हुए लोगों की तलाश में पहाड़ी पर खोजबीन करते रहे। बचाव अभियान के दौरान फिसलने से एक पुलिस कॉन्स्टेबल भी घायल हो गया। यह घटना इस साल नेपाल में बस से जुड़े कई भयानक हादसों के बाद हुई है।

इससे पहले मार्च में, तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के पहाड़ से नीचे गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई थी। मध्य नेपाल में पहाड़ की ढलान से बस के नीचे गिरने से हुए इस भयानक हादसे में नौ अन्य लोग घायल हो गए थे।

डीए मामले में मुख्य सचिव कैप सिन्हा बिना शर्त माफी मांगने को तैयार!

- हाईकोर्ट ने कहा- कोर्ट की गरिमा से समझौता नहीं

डेली आवाज भारती



पंजाब के सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) के बकाये से जुड़े मामले में शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव के खिलाफ चल रहे अवमानना मामले को रोस्टर बेंच के पास भेज दिया। अब इस मामले में सोमवार को फिर सुनवाई होगी। यह मामला पंजाब के सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के बकाये के भुगतान से जुड़ा है। इसी मामले में मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई पर भी विचार किया जा रहा है।

सरकार की ओर से बिना शर्त माफी की पेशकश

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि अदालत की गरिमा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कोर्ट में कहा कि मुख्य सचिव का कोर्ट को गुमराह करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोर्ट चाहे तो मुख्य सचिव बिना शर्त माफी मांगने के लिए तैयार हैं। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना मामले को रोस्टर बेंच के पास भेज दिया है। अब सोमवार को इस मामले में अगली सुनवाई होगी।

खाड़ी और ब्लैक सी में हमलों की भारत-लाइबेरिया ने की निंदा, समुद्री सुरक्षा पर जोर

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भारत और लाइबेरिया के नेतृत्व में स्थापित ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ऑफ शिपिंग एंड सीफेरर्स (जीओएफ एस4) का उद्देश्य नाविकों (सीफेरर्स) और वाणिज्यिक जहाजरानी की सुरक्षा को वैश्विक विमर्श के केंद्र में लाना तथा जहाजों और उनके चालक दल को हमलों से सुरक्षित रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना है। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने दी। संयुक्त राष्ट्र में गुरुवार को भारत और लाइबेरिया के स्थायी मिशनों ने खाड़ी क्षेत्र और ब्लैक सी में जहाजों तथा नाविकों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की थी। भारत और लाइबेरिया ने 25 सितंबर को जीओएफ एस4 की शुरुआत की थी। दोनों देश ऐसे हमलों की पुनरावृत्ति रोकने और नाविकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बेहतर समन्वय का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित विदेश मंत्रालय की नियमित प्रेस वार्ता में मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस समूह का उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजरानी और समुद्री उद्योग से जुड़े देशों तथा हितधारकों को एक मंच पर लाना है। साथ ही उन देशों को भी जोड़ना है जो समुद्री सेवाएं प्रदान करते हैं या जहां बड़ी संख्या में नाविक समुदाय मौजूद है। उन्होंने कहा, ÷विचार यह है कि सभी को एक साथ लाया जाए ताकि हमारे नाविकों की सुरक्षा और वाणिज्यिक जहाजरानी की सुरक्षा के मुद्दे को वैश्विक चर्चा के केंद्र में रखा जा सके। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सहयोग और अभियानों को मजबूत किया जा सके ताकि वाणिज्यिक जहाजरानी प्रभावित न हो, उन पर हमले न हों और नाविक सुरक्षित रहें। रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस समूह की पहली बैठक हाल ही में न्यूयॉर्क में हुई थी। इसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और लाइबेरिया की विदेश मंत्री सारा बायसोलो न्यान्टी ने की थी। इसमें 25 देशों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को भारत और लाइबेरिया ने खाड़ी क्षेत्र और ब्लैक सी क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों तथा नाविकों पर हाल में हुए हमलों की कड़ी निंदा की।

मावां-धीयां दी फौज ने ड्रग तस्करों और उनके संरक्षकों के नाम दर्ज करवाना शुरू कर दिया : बीबा हरसिमरत कौर बादल

दावा किया कि इस रिपोर्ट की जांच एक महिला डीजीपी के तहत एक टास्क फोर्स द्वारा जी जाएगी ताकि दोषियों को अनुकरणीय सजा दी जा सके

डेली आवाज भारती



फरीदकोट/चंडीगढ़/सुकून महाजन: शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज कहा है कि 'मावां-धीयां दी फौज' ने ड्रग तस्करों और उनके संरक्षकों के नाम दर्ज करना शुरू कर दिया है और अकाली दल सरकार राज्य में सरकार बनने के बाद सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पार्टी नेता स.परमबंस सिंह रोमाणा के साथ यहां महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा,'' पंजाब की महिलाओं ने फैसला कर दिया है । बहुत हो गया। उन्होंने नशे के खिलाफ ले ई को अपने हाथों में ले लिया है और नशा तस्करों के साथ-साथ कानून से बचाने वालों की नापाक गतिविधियों को रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया है। अकाली दल की सरकार बनने के बाद हम एक महिला डीजीपी के तहत एक टास्क फोर्स का गठन करेंगे। '' मावां धीयां की फौज द्वारा भरे जा रहे सभी फॉर्मों पर कार्रवाई की जाएगी। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि ड्रग तस्कर और उनके सरगना अब आपके बीच नही रहेंगें। हम उन्हें जमानत की अनुमति नही देने के लिए एक कानून लाएंगें और उनकी सभी संपत्तियों को जब्त कर लेने के बाद ही चैन से बैठेंगें।'' यह कहते हुए कि पिछली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकार दोनों ने ही राज्य की महिलाओं के साथ धोखा किया है। उन्होने कहा,'' दोनों सरकारों ने कुछ ही महीनों में नशे के खतरे को समाप्त करने का वादा किया था और दोनों ने ही कुछ भी नही किया।'' उन्होने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि पंजाब को 5 लाख करो रूपये के कर्जे में धकेलने और आत्मप्रचार पर 6000 करो रूपये खर्च करने के बाद मुख्यमंत्री महिलाओं को 3000 रूपये देकर उनकी वफादारी खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। सांसद ने महिलाओं से कहा,'' ऐसी चालाकियों से गुमराह न हों।'' उन्होने कहा,'' यहां तक कि 1000 रूपये प्रति माह की योजना के तहत आपको केवल 3000 रूपये नही बल्कि आपको 60हजार रूपये मिलने चाहिए ।'' बीबा बादल ने विस्तार से बताया कि आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में पंजाब नशे की तस्करी में नंबर एक और नशे की ओवरडोज से होने वाली मौतों में दूसरे स्थान पर है। उन्होने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए सरकार की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2.17 लाख अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बावजूद नारकोटिक्स् एंड साइकोट्रोपिक सब्स्टेंस (पीआईटी एनडीपीएस) के तहत केवल सात मामलों में निवारक हिरासत का आदेश दिया गया।

माता वैष्णो देवी जाने वाले लोगों के लिए खुशखबरी

दिल्ली-कटड़ा के बीच चलेंगी 2 नई स्पेशल ट्रेनें

डेली आवाज भारती



फेस्टिवल सीजन में माता वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी-कटड़ा के बीच दो और आरक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। जम्मू रेल मंडल के अनुसार, ट्रेन नंबर 04085/04086 की शुरुआत 10 और 11 अक्टूबर से, जबकि ट्रेन नंबर 04485/04486 की शुरुआत 11 और 12 अक्टूबर से होगी। ट्रेन नंबर 04085 नई दिल्ली से 10 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 3 बजे कटड़ा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04086, 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कटड़ा से चलकर उसी रात 11ः30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04485, 11 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे नई दिल्ली से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 3 बजे कटड़ा पहुंचेगी। इसकी वापसी ट्रेन नंबर 04486, 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कटड़ा से चलेगी और रात 11ः30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। दोनों जोड़ी ट्रेनें रास्ते में सोनीपत, पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन यानी उधमपुर स्टेशन पर रुकेंगी।

भगवंत मान सरकार की नशों के खिलाफ बड़ी मुहिम

'युद्ध नशेआं विरुद्ध' के तहत 11 तारीख को अमृतसर में होगी एक बड़ी यूथ रन

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पंजाब सरकार द्वारा राज्य के यूथ को नशों से दूर करने और स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे खास मुहिम %युद्ध नशेआं विरुद्ध% के तहत 11 तारीख को अमृतसर में एक बड़ी %यूथ रन% का आयोजन किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के चीफ स्पोक्सपर्सन और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने पंजाब के लोगों, खासकर यूथ से इस दौड़ में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने की अपील की। शुक्रवार को आप नेता गुरप्रताप सिंह संधू के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने पंजाब को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाने के लिए %युद्ध नशेआं विरुद्ध% मुहिम शुरू किया है। इसी के तहत मोहाली, बठिंडा और जालंधर में हजारों युवाओं के लिए मैराथन पहले ही हो चुकी है। इन तीनों जिलों में यूथ रन प्रोग्राम को जनता और युवाओं का ज़बरदस्त समर्थन मिला है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए यह 'यूथ रन' 11 तारीख को सुबह 6 बजे श्री गुरु रामदास जी की पवित्र नगरी अमृतसर के रणजीत एवेन्यू से शुरू होगी। अमृतसर के सभी विधायक, पार्टी की सीनियर लीडरशिप और हजारों युवा इस मैराथन में हिस्सा लेंगे। विधायक धालीवाल ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सोच पंजाब के युवाओं को फिट और हेल्दी रखना है। इसी मकसद से %खेडां वतन पंजाब दियां% शुरू किया गया था, जिसका चौथा सीजन अब कामयाबी से चल रहा है। इस पहल का मुख्य मकसद नए खिलाड़ी तैयार करना और पंजाब को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मान सरकार पंजाब से नशों को खत्म करने के लिए ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर काम कर रही है। इसके तहत अब तक हजारों ड्रग तस्करों को जेल भेजा जा चुका है और उनकी गैर-कानूनी प्रॉपर्टी और घरों पर सख्त कार्रवाई की गई है। कुलदीप सिंह धालीवाल ने अमृतसर और आस-पास के इलाकों के सभी नागरिकों और युवाओं से अपील की कि जैसे मोहाली, जालंधर और बठिंडा में लोगों ने इस मुहिम को अपना पूरा सपोर्ट दिया है, वैसे ही वे 11 तारीख को सुबह 6 बजे रणजीत एवेन्यू पहुंचकर इस रेस का हिस्सा बनें और पंजाब को रंगला पंजाब और नशा मुक्त बनाने में अपना योगदान दें।

गौरव यादव ही होंगे पंजाब के परमानेंट डीजीपी

यूपीएससी पैनल के बाद सरकार ने किया फैसला

- सरकार ने यूपीएससी को 14 आईपीएस अधिकारियों के नाम भेजे थे
- आयोग ने विचार कर तीन अधिकारियों का पैनल सरकार को भेजा

डेली आवाज भारती



पंजाब में विधानसभा चुनावों से पहले राज्य को स्थायी पुलिस महानिदेशक यानि परमानेंट डीजीपी मिल गया है। गौरव यादव को नियमित डीजीपी नियुक्त किया गया है। वह साल 2022 से कार्यवाहक डीजीपी के रूप में अपनी सेवाएं निभा रहे थे। अब राज्य सरकार ने उनकी स्थायी नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। इस फैसले को पंजाब पुलिस के नेतृत्व के लिहाज से अहम माना जा रहा है। गौरव यादव के पास अब नियमित डीजीपी की जिम्मेदारी रहेगी और वह राज्य की कानून-व्यवस्था संभालने का काम करेंगे। पंजाब सरकार ने परमानेंट डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया तहत संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) को 14 आईपीएस अधिकारियों के नाम भेजे थे। आयोग ने इन अधिकारियों के नामों पर विचार किया और निर्धारित प्रक्रिया के बाद तीन अधिकारियों का पैनल राज्य सरकार को भेजा। इस प्रक्रिया के बाद पंजाब में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ।

तीन अधिकारियों के पैनल में शामिल थे गौरव यादव

यूपीएससी की ओर से पंजाब सरकार को भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में गौरव यादव के अलावा शरद सत्य चौहान और हरप्रीत सिंह सिद्धू के नाम भी शामिल थे। राज्य सरकार ने पैनल में शामिल तीनों अधिकारियों के नामों पर विचार किया। इसके बाद गौरव यादव को नियमित डीजीपी नियुक्त करने का फैसला लिया गया। उनकी स्थायी नियुक्ति के साथ ही कार्यवाहक डीजीपी के रूप में चल रही व्यवस्था समाप्त हो गई।

CMYK

page 2_Layout 1 09-10-2026 16:48 Page 1

हरियाणा : HCS-2025 का रिजल्ट घोषित

सोनीपत के अभिषेक सरोहा ने किया टॉप; कुल 102 पदों पर हुई है चयन प्रक्रिया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सोनीपत। हरियाणा लोक सेवा आयोग (HPSC) ने बहुप्रतीक्षित हरियाणा सिविल सर्विसेज (HCS) एग्जीक्यूटिव ब्रांच और अलाइड सर्विसेज परीक्षा-2025 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में सोनीपत के अभिषेक सरोहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 675 में से 394.5 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान (टॉपर) हासिल किया है। शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी


फैमिली के साथ टॉपर अभिषेक सरोहा (जनरल कैटेगिरी)


अंबाला की सिमरन अपने माता-पिता

प्रथम स्थान (टॉपर)ः अभिषेक सरोहा (सोनीपत) - 394.5 अंक

द्वितीय स्थानः कुलदीप -392.90 अंक, **तृतीय स्थानः** ईशा काला - 388.60 अंक

आयोग द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार, इस बार टॉप-10 में 6 बेटियों ने अपनी जगह बनाई है। विभिन्न श्रेणियों में अव्वल रहने वाले अभ्यर्थियों में सिमरन (EWS कैटेगरी टॉपर, अंबाला), राहुल सैनी (BC कैटेगरी टॉपर, कुरुक्षेत्र), और जैनब खातून (Backward Class-A टॉपर) शामिल हैं।

चयनित युवाओं की प्रेरणादायक संघर्ष गाथाएंः

अभिषेक सरोहा (जनरल कैटेगरी टॉपर)ः गोहाना के रहने वाले अभिषेक के पिता स्कूल संचालक और माता टीचर हैं। उन्होंने साल 2020 से यूपीएससी की तैयारी शुरू की थी। वे 5 बार मेन्स और दो बार इंटरव्यू तक पहुंचे, लेकिन फाइनल लिस्ट में चयन नहीं हो पाया था। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और आखिरकार HCS में पहली रैंक हासिल कर अपना सपना पूरा किया।

सिमरन (EWS टॉपर, अंबाला)ः अंबाला की रहने वाली सिमरन के पिता किसान और माता गृहिणी हैं। नीलोखेड़ी इंजीनियरिंग संस्थान से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करने वाली सिमरन साल 2021 से यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं। पिछले साल यूपीएससी के इंटरव्यू तक पहुँचने वाली सिमरन ने पहले ही प्रयास में एचसीएस परीक्षा में 17वीं रैंक हासिल की है। राहुल सैनी (BC कैटेगरी टॉपर, कुरुक्षेत्र)ः कुरुक्षेत्र के छपरा गाँव के रहने वाले राहुल सैनी ने ॥ष्ट्स परीक्षा में 7वीं रैंक प्राप्त की है। राहुल ने वर्ष 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) में नौकरी ज्वाइन की थी और नौकरी के साथ-साथ रोजाना 5 घंटे पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की।

परीक्षा और चयन प्रक्रिया के मुख्य बिंदुः

इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 102 पदों के लिए लगभग 93 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को आयोजित हुई थी, जिसमें 52 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

मेन्स परीक्षा और उसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए 313 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू के आधार पर यह अंतिम परिणाम जारी किया गया है, जिसमें लिखित परीक्षा के 600 और इंटरव्यू के 75 अंक शामिल हैं।

गुरुग्राम में 22 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास

नागरिक अस्पताल का निर्माण जल्द होगा शुरू : आरती सिंह राव

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि कि हम राजनीति अपने लिए नहीं, बल्कि जनता के हितों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए करते हैं। हमारा उद्देश्य जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना, उनकी जरूरतों को समझना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु बनें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और लोगों को अपने छोटे-बड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम के वार्ड 15 में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करने



उपरांत उपस्थित जन को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में पटौदी की विधायक बिमला चौधरी और सोहना के विधायक तेजपाल तंवर भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम तेजी से विकसित हो रहा शहर है और भविष्य में इसकी आबादी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरतें और बढ़ेंगी। ऐसे में हमारी प्राथमिकता है कि शहर के विस्तार और लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम नागरिक अस्पताल का ड्राइंग कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के तहत धरातल पर कार्य का शुभारम्भ किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों की मांग के अनुरूप स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार, चिकित्सा सेवाओं का सुदृढ़ीकरण तथा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को समय पर सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनता के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं और जनता का विश्वास, सहयोग तथा उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी प्राथमिकता है। आरती सिंह राव ने इस अवसर पर नगर निगम गुरुग्राम के वार्ड 15 में 22 करोड़ रुपये की लागत के तीन विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व कौशल प्रतियोगिता शंघाई 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश के युवाओं से की मुलाकात, किया उत्साहवर्धन

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 22 से 27 सितंबर 2026 तक चीन के शंघाई में आयोजित %विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026% में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश के युवाओं से नई दिल्ली स्थित 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की, जहां प्रधानमंत्री ने उनका अभिनंदन और उत्साहवर्धन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, ÷इन शानदार युवाओं ने वर्ल्डस्किल्स कंपटीशन 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया। आज 7, लोक कल्याण मार्ग में उनसे मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर भी प्रधानमंत्री ने पोस्ट शेयर किया और लिखा, ÷वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता 2026 में चमक बिखेरने वाले युवा साथियों का 7, लोक कल्याण मार्ग पर अभिनंदन! गौरतलब है कि 48वीं वर्ल्डस्किल्स कंपटीशन का



आयोजन 22 से 27 सितंबर 2026 तक चीन के शंघाई स्थित राष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (नेशनल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर-एनईसीसी) में हुआ।

इससे पहले, एक आधिकारिक बयान में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बताया कि विश्व कौशल प्रतियोगिता शंघाई 2026 में भारत 6 रजत पदक और 20 उत्कृष्टता पदक जीतकर 10वें स्थान पर रहा। ल्योन में 2024 में आयोजित इस प्रतिष्ठित विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत 13वें स्थान पर रहा था, जहां भारत ने चार कांस्य पदक और 12 उत्कृष्टता पदक हासिल किए थे। अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए भारत के यह परिणाम वैश्विक मंच पर देश के कुशल युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बयान में कहा गया कि 22-27 सितंबर 2026 तक आयोजित छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में लगभग 70 देशों और क्षेत्रों के 1,400 से अधिक युवा प्रतियोगियों ने भाग लिया। भारत का प्रतिनिधित्व अब तक के सबसे बड़े 70 प्रतियोगियों के दल ने किया, जिन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों, उन्नत विनिर्माण, इंजीनियरिंग, रचनात्मक उद्योगों और विशेषीकृत सेवाओं सहित 63 कौशलों में भाग लिया।23-26 सितंबर तक चार दिनों की गहन प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को 27 सितंबर को शंघाई में आयोजित भव्य समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस समारोह में असाधारण तकनीकी दक्षता, नवाचार, सटीकता और शिल्प कौशल का उत्सव मनाया गया, जिसमें दुनिया भर से प्रतियोगी, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधि एकत्र हुए। विश्व कौशल प्रतियोगिता शंघाई 2026% में भारत की भागीदारी का समन्वय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा किया गया, जिसमें सेक्टर स्किल काउंसिल, उद्योग भागीदारों, प्रशिक्षण संस्थानों, तकनीकी विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों का सहयोग रहा।

बटाला में पास्टर की निर्मम हत्या से मचा हड़कंप, वारदात के 4 घंटे में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- घर में घुसकर तेजधार हथियार से किया जानलेवा हमला; पुलिस ने कटर किया बरामद, दूसरे आरोपी की तलाश जारी

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमंदीप संधू) – बटाला के गांधी कैंप क्षेत्र में उस समय दहशत फैल गई, जब घर में चर्च चलाने वाले पास्टर बलविंदर कुमार लाडी पर दो व्यक्तियों ने कथित तौर पर घर में घुसकर तेजधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पास्टर की सिविल अस्पताल बटाला में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सक्रिय हुई बटाला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के महज चार घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कटर भी बरामद किया है, जबकि



उसके दूसरे साथी की तलाश जारी है। मृतक की पहचान बलविंदर कुमार लाडी (40) पुत्र तारा चंद, निवासी गांधी कैंप, बटाला के रूप में हुई है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता देखने को मिली। वीरवार शाम को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डीएसपी सिटी बटाला सुखइंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गांधी कैंप क्षेत्र में दो व्यक्ति पास्टर बलविंदर पाल उर्फ लाडी के घर में दाखिल हुए और उस पर तेजधार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल पास्टर को तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन के एसएचओ लखविंदर सिंह पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ परिजनों के बयान दर्ज किए तथा आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विभिन्न पुलिस टीमों को सक्रिय किया। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिजनों ने अपने बयानों में आरोप लगाया कि नरेश कुमार पुत्र करतार चंद, निवासी गांधी कैंप, बटाला ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर पास्टर पर हमला किया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

स्टारलिंक विवाद पर बोले राजीव चंद्रशेखर, भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और लोगों की करेगा रक्षा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) केरलम के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि एलन मस्क का स्टारलिंक एक हाल के समय में आया एक अच्छा इनोवेशन है लेकिन भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और लोगों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टारलिंक विवाद पर आईएएनएस से बात करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि एक ट्वीट या एक पोस्ट से सरकार की पॉलिसी बनाने की प्रक्रिया नहीं बदलती। चंद्रशेखर ने विस्तार से बताया, 'कोई एक कारोबारी सरकार पर अपने लक्ष्यों, उद्देश्यों, जरूरी कामों या प्राथमिकताओं को बदलने के लिए दबाव नहीं डाल सकता। भले ही एलन दुनिया के सबसे होनहार जीनियस और सबसे सफल भविष्यवादी कारोबारियों में से एक हैं और उनका स्टारलिंक निश्चित रूप से एक बेहतरीन कंपनी और हाल के समय का सबसे बड़ा मोबिलिटी इनोवेशन है, फिर भी भारत सरकार को वही करना होगा जो उसकी जिम्मेदारी है - यानी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा, अपनी संप्रभुता और अपने लोगों की रक्षा करना।

शबरी की भक्ति और श्रीराम के प्रेममयी प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

- श्री राधा कृष्ण मंदिर गौशाला में श्रीराम कथामृत के चौथे दिन महात्मा अयोध्या दास जी महाराज ने दिया भक्ति, सेवा और संस्कारों का संदेश

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू) श्री राधा कृष्ण मंदिर गौशाला रजिस्टर्ड, बटाला में दैनिक प्रार्थना सभा रजिस्टर्ड, बटाला के संचालन में आयोजित भव्य श्रीराम कथामृत के चौथे दिन परम पूज्य महात्मा श्री अयोध्या दास जी महाराज, ऋषिकेश वालों ने शबरी के निष्कपट प्रेम, सेवा भावना, मोह-माया तथा माता सीता और प्रभु श्रीराम से जुड़े प्रसंगों की सरल एवं भावपूर्ण ढंग से व्याख्या की। उनकी अमृतमयी वाणी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया और



मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। महात्मा जी ने शबरी के प्रसंग के माध्यम से बताया कि सच्ची भक्ति का आधार निष्कपट प्रेम, श्रद्धा, समर्पण और निस्वार्थ सेवा है। प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंग हमें विनम्रता, धैर्य, मर्यादा और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन में अच्छे संस्कारों और सेवा भावना को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर दैनिक प्रार्थना सभा, बटाला के निदेशक एवं गौशाला ट्रस्ट के प्रधान श्री अशोक अग्रवाल ने श्रद्धालुओं से अपने धर्म और संस्कृति के साथ जुड़े रहने तथा सनातन परंपराओं के प्रति निष्ठावान बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पित लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए। अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना और आने वाली पीढ़ियों तक धार्मिक मूल्यों को पहुंचाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। गौशाला ट्रस्ट के संयुक्त सचिव श्री संदीप आजाद ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धर्म के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देने के लिए परिवारों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। गौशाला ट्रस्ट के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) श्री राजेश शर्मा ने कथा की समाप्ति पर प्रभु से प्रार्थना की तथा श्रद्धालुओं को कथा का सार समझाते हुए परिवार सहित धार्मिक कथाओं और संकीर्तन में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से परिवारों में धार्मिक वातावरण मजबूत होता है और बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान गौशाला ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य श्री सुनील यूमन ने कथा में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया तथा परिवार सहित धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया। अंत में मंदिर के पुजारी पंडित राम प्रसाद शर्मा ने विधिवत आरती की। समूचा मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' के जयकारों और भक्ति भावना से गूंज उठा।

सरकारी स्कूलों में बच्चों का टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ना चिंताजनक : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एक ओर हरियाणा को विकसित प्रदेश बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हजारों सरकारी विद्यालयों में बच्चे आज भी जमीन पर टाट-पट्टी बिछाकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। प्रकाशित समाचार के अनुसार प्रदेश के लगभग 14 हजार सरकारी स्कूलों में 3.80 लाख बच्चों के लिए डेस्क की व्यवस्था नहीं हो पाई है। यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अधिकांशतः गरीब, किसान, मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं। अनेक विद्यालयों में छात्राओं के लिए पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था न होने की



शिकायतें भी सामने आती रही हैं। बच्चों के बैठने के लिए डेस्क, स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित भवन, पर्याप्त शिक्षक और छात्राओं के लिए अलग शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सुविधाओं के अभाव में बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को घोषणाओं तक सीमित रहने के बजाय जल्द से जल्द सभी सरकारी विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवानी चाहिए, ताकि बच्चे अच्छे और सम्मानजनक वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही भारत का भविष्य हैं। यदि इन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाएं नहीं मिलेंगी तो विकसित भारत का सपना कैसे साकार होगा? कांग्रेस की नीति सदैव सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने और समाज के प्रत्येक वर्ग को समान शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने की रही है। कुमारी सैलजा ने हरियाणा सरकार से मांग की कि सरकारी विद्यालयों की सुविधाओं का जिलावार सर्वेक्षण करवाकर कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर किया जाए। विशेष रूप से छात्राओं के शौचालयों और बच्चों के बैठने की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति का वास्तविक पैमाना बड़ी घोषणाएं नहीं, बल्कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे को मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधाएं हैं।

नमी के नाम पर कटौती और धान खरीद में देरी से किसान परेशान :

कुमारी सैलजा ने हरियाणा की अनाज मंडियों में धान खरीद को लेकर किसानों को हो रही परेशानियों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि किसानों को नमी जांच, पोर्टल सत्यापन और खरीद प्रक्रिया में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रकाशित समाचारों के अनुसार कई मंडियों में किसानों ने नमी के नाम पर अनुचित कटौती और धान के धीमे उठान की शिकायतें की हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान पहले ही बढ़ती लागत और मौसम की मार झेल रहा है। ऐसे में उसकी उपज खरीदने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। सरकार सभी मंडियों में पारदर्शी नमी जांच, समयबद्ध खरीद, उठान और भुगतान सुनिश्चित करे तथा किसानों की शिकायतों का तत्काल समाधान करवाए।

इंसानी बस्तियां कूड़े के ढेर बन गई हैं, जानवरों के रहने की जगहें साफ हैं! पूर्व प्रेसिडेंट जॉली

आज का सवाल, 'क्या हम सच में इंसान हैं?'

आज नगर पंचायत निहाल सिंह वाला के पूर्व प्रेसिडेंट और जाने-माने समाजसेवी श्री इंदरजीत गर्ग जॉली ने आज पत्रकारों से बात करते हुए एक गंभीर चिंता जताई है। गौरतलब है कि पूर्व प्रेसिडेंट श्री इंदरजीत गर्ग जॉली के कार्यकाल में इलाके में जितना विकास और जनकल्याण का काम हुआ, उतना कोई और नहीं कर पाया। अपने काम के साथ-साथ, एक सच्चे समाजसेवी के तौर पर वे हमेशा लोगों के साथ खड़े रहे हैं और इलाके के लोगों की हर समस्या में उनका पूरा साथ दिया है।

आज बात करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक पोस्टर का जिक्र किया और कहा कि यह पोस्टर हमारे समाज के मौजूदा हालात पर तीखा प्रहार है और हम सभी को सोचने पर मजबूर करता है। जोली ने पोस्टर की दो तस्वीरों की डिटेल्स देते हुए कहा कि


रिपोर्टर राकेश कुमारसिंगला

ऊपर वाली तस्वीर एक शहरी इलाके की है, जहाँ सड़क के किनारे कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। लोग इस गंदगी से गुज़र रहे हैं और बच्चे खेल रहे हैं। इस तस्वीर के नीचे लिखा है, ५यहाँ इंसान रहते हैं५। दूसरी तस्वीर एक जंगल वाले इलाके की है, जहाँ हाथियों का झुंड एक साफ़ नदी के किनारे घूम रहा है। चारों तरफ हरियाली है और माहौल बिल्कुल साफ़ दिख रहा है। इस तस्वीर के नीचे लिखा है, ५यहाँ जानवर रहते हैं इन तस्वीरों का कम्पेरेटिव एनालिसिस करते हुए जॉली ने कहा, ५यह देखकर बहुत दुख होता है कि हम, जो लोग खुद को सभ्य और समझदार कहते हैं, अपने रहने की जगहों को कचरे के ढेर में बदल रहे हैं। जबकि दूसरी तरफ, जिन्हें हम बेवकूफ़ और अनपढ़ जानवर कहते हैं, उनमें अपने नेचुरल हैबिटैट को साफ़ रखने की समझ है। क्या यह हमारे लिए शर्म की बात नहीं है?

उन्होंने आगे कहा, ५हम बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, डेवलपमेंट के दावे करते हैं, लेकिन अगर हम अपने आस-पास की जगह को साफ नहीं रख सकते, तो यह सब बेकार है। गंदगी से न सिर्फ बीमारियां होती हैं, बल्कि यह हमारी सोच और मानसिकता पर भी सवाल उठाती है। हम अपने बच्चों को कैसा माहौल देंगे? क्या उन्हें सिर्फ कूड़े के ढेर ही मिलेंगे? जॉली ने एडमिनिस्ट्रेशन और नगर पंचायत से भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना एडमिनिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी है, लेकिन साथ ही नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा, ५हम सभी को मिलकर कोशिश करनी होगी। कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय उसे सही तरीके से ठिकाने लगाना होगा। हमें अपने घरों, गलियों और शहर को साफ रखने के लिए एक कैंपेन चलाना होगा। आखिर में, पूर्व प्रेसिडेंट इंद्रजीत गर्ग जॉली ने सबसे एक और सवाल पूछा, ५क्या हम सच में इंसानियत के सबसे ऊंचे लेवल पर हैं? अगर हां, तो हमें अपने कामों से यह साबित करना होगा। सफाई बनाए रखना सिर्फ आदत नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है।५ उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पोस्टर से लोगों में जागरूकता आएगी और वे अपने आस-पास की जगह को साफ रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

नयागांव में मुस्तैद एमसी ने पकड़ा शातिर वाहन चोर, मोहाली से चोरी की एक्टिवा बेचने की फिराक में था आरोपी

डेली आवाज भारती

नयागांवः हरतेज सिंह तेज़ी/ नयागांव के वार्ड नंबर 17 से मौजूदा म्युनिसिपल काउंसलर (रष्ट) संदीप कुमार जॉनी की सूझबूझ से पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को रंगे हाथों दबोचने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में 5 मामले दर्ज हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, एमसी संदीप कुमार रोज की तरह सुबह अपनी सैर पर थे। इसी दौरान एक युवक उनके पास पहुंचा और कहा कि उसे पैसों की सख्त जरूरत है और वह अपनी एक्टिवा बेचना चाहता है। युवक ने अपनी जरूरत बताते हुए 5 हजार रुपये मांगे। संदीप कुमार को युवक की बातों और उसके



हाव-भाव पर शक हुआ। शक गहराने पर उन्होंने तुरंत इसकी सूचना नयागांव पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। जांच अधिकारी अश्वनी चौधरी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सागर कुमार के रूप में हुई है, जो पिपली वाला मोहल्ला, मनीमाजरा का रहने वाला है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह एक्टिवा उसने मोहाली के सेक्टर 82 से चोरी की थी। पुलिस की शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उस पर पहले से ही अलग-अलग जगहों पर चोरी व अन्य वारदातों के 5 मामले दर्ज हैं।

अदालत से मिला 2 दिन का पुलिस रिमांड

पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने और किन-किन जगहों पर वारदातों को अंजाम दिया है तथा उसके साथ इस अवैध धंधे में और कौन-कौन शामिल है।

CMYK

page 3_Layout 1 09-10-2026 21:30 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ❯❯ शनिवार, 10 अक्तूबर 2026

लोकसभा सांसद मीत हेयर ने 'बरनाला चैंपियन लीग' का किया शुभारंभ

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, ओलंपियन अवनीत सिद्धू और क्रिकेटर शुभमन गिल के पिता ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

- करमजीत अनमोल, जगजीत संधू, निंजा, कुलविंदर बिल्ला और बब्बल राय ने स्वस्थ मनोरंजन के लिए किया प्रेरित
- विजेता टीमों के वार्डों और गांवों की तस्वीर बदलने के लिए दिए जाएंगे लाखों रुपये के अनुदान

डेली आवाज भारती







बरनाला। बरनाला के युवाओं को खेलों के क्षेत्र में अधिक मौके प्रदान करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संगरूर से लोकसभा सांसद स. गुरमीत सिंह मीत हेयर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज बरनाला चैंपियन कप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, ओलंपियन अवनीत कौर सिद्धू, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल के पिता लखविंदर सिंह गिल, डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह, एसएसपी मोहम्मद सरफरो आलम के साथ-साथ संगीत और फिल्म जगत से करमजीत अनमोल, जगजीत संधू, निंजा, कुलविंदर बिल्ला और बब्बल राय ने विशेष रूप से शिरकत की। बरनाला चैंपियन कप के उद्घाटन समारोह के दौरान सांसद मीत हेयर ने कहा कि इस क्रिकेट लीग का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को निखारना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर खेल मैदानों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के दौरान लाखों रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार 3 लाख रुपये, दूसरा पुरस्कार 1.5 लाख रुपये, तीसरा पुरस्कार 1 लाख रुपये और चौथा पुरस्कार 51 हजार रुपये होगा। इसके साथ ही प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम के संबंधित वार्ड या ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के वार्ड या ग्राम पंचायत को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमपी लैड्स फंड) से 6 लाख रुपये का इनाम प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस क्रिकेट लीग में बरनाला विधानसभा क्षेत्र के वार्डों और गांवों की लगभग 90 टीमें भाग ले रही हैं। ये मैच बरनाला विधानसभा क्षेत्र के चार खेल मैदानों–बाबा काला मेहर स्टेडियम बरनाला, खेल मैदान करमगढ़, खेल मैदान दानगढ़ और खेल मैदान खुड्डी कलां–में आयोजित किए जा रहे हैं।

विधायक शैरी कलसी की ओर से 'मान दे मुनाफे' अभियान के तहत गांवों और वार्डों में घर-घर जाकर प्रचार जारी

- पंजाब सरकार ने जनहित में विकास कार्य और जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं : विधायक शैरी कलसी

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू) – पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शैरी कलसी की ओर से 'मान दे मुनाफे' अभियान के तहत गांवों और वार्डों में घर-घर जाकर प्रचार अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत उन्होंने गांव अर्जुनपुरा पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें पंजाब सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर मनदीप सिंह गिल, जिला अध्यक्ष गुरदासपुर भी मौजूद थे। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए विधायक शैरी कलसी ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने जनता से किए वादों से बढ़कर काम करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने अपने लगभग साढ़े चार साल के कार्यकाल के दौरान विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं में बिजली बिलों में राहत, सत्कार योजना, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा, बुढ़ापा पेंशन, आम आदमी क्लीनिकों में मुफ्त जांच और दवाइयां, राशन, मुफ्त तीर्थ यात्रा, कृषि के लिए मुफ्त बिजली तथा आशीर्वाद योजना आदि शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी और स्वयंसेवक भी घर-घर पहुंच रहे हैं। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड और गांव में पहुंचकर लोगों को 'मान दे मुनाफे' के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी पंजाब सरकार जनता की भलाई के लिए पूरी मेहनत से प्रयास करती रहेगी। विकास कार्य पहले की तरह बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के किए जाएंगे। इस मौके पर गांववासियों ने पंजाब सरकार की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की।

रोटरी क्लब ऑफ जालंधर हेल्पिंग हैंड्स द्वारा मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल कैंप का आयोजन

डेली आवाज भारती



जालंधर/बलजीत सिंह : जालंधर में रोटरी क्लब ऑफ जालंधर हेल्पिंग हैंड्स की ओर से 9 अक्टूबर 2026 को डोआबा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लाडोवाली रोड, जालंधर में मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक निर्धारित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब की वर्ष 2026-27 की अध्यक्ष रोटेरियन अनु बहरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी इस पहल को आगे बढ़ाया गया। क्लब ट्रेनर रोटेरियन डॉ. रुचि सिंह गौर, क्लब सचिव रोटेरियन राजिंदर पाल और प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन मनजीत सिंह ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैंप में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों की सहभागिता रही। इनमें डेंटल सर्जन रोटेरियन डॉ. सुरुचि बावा, एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच डॉ. हरनीत सिंह घोत्रा, एमबीबीएस एवं एमडी एनेस्थीसिया रोटेरियन डॉ. अभिलक्ष तथा ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ रोटेरियन डॉ. लुकेश मित्तल शामिल रहे। रोटरी क्लब ऑफ जालंधर हेल्पिंग हैंड्स की यह पहल समाज सेवा और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे मेडिकल कैंप लोगों को स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध करवाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

विश्व दृष्टि दिवस पर आंखों की जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार जरूरी : सिविल सर्जन

डेली आवाज भारती



तपा/बरनाला/नवीन सिंगला काली। सिविल सर्जन डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू के दिशा-निर्देशों के तहत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आम लोगों को आंखों की देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरसिमरन सिंह की ओर से शिवालिक पब्लिक स्कूल, तपा में आंखों की जांच के लिए विशेष शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने कहा कि विश्व दृष्टि दिवस हर वर्ष अक्टूबर महीने के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम 'अपनी आंखों से प्यार करें' है। उन्होंने आंखों को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को अपने दैनिक आहार में संतुलित एवं पौष्टिक भोजन शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हरी पत्तेदार सब्जियां, फल और सलाद आंखों की सेहत के लिए लाभदायक हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को आंखों की रोशनी कम होने या आंखों से संबंधित किसी अन्य प्रकार की परेशानी महसूस हो, तो बिना देरी किए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने लोगों को यह भी सलाह दी कि चिकित्सक की सलाह के बिना किसी भी प्रकार की दवा का इस्तेमाल न करें। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि मोबाइल फोन, कंप्यूटर आदि का लगातार लंबे समय तक इस्तेमाल करने से बचना चाहिए और बीच-बीच में कुछ समय का विराम लेना चाहिए। उन्होंने अंधेरे या कम रोशनी में मोबाइल फोन और टीवी देखने से भी परहेज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई करते समय पर्याप्त रोशनी का ध्यान रखना चाहिए और सही तरीके से बैठकर पढ़ना चाहिए। इसके साथ ही पढ़ते या खेलते समय नुकीली वस्तुओं से बचाव रखना भी जरूरी है, ताकि आंखों को किसी प्रकार की चोट से सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर ऑप्थैल्मिक अधिकारी रुपिंदर सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

पंजाब राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी 11 अक्टूबर को दीनानगर और बटाला पहुंचेंगे

- दीनानगर और बटाला में खुले सुनवाई शिविरों के दौरान लोगों की समस्याएं सुनेंगे

डेली आवाज भारती



गुरदासपुर, (अमनदीप संधू): पंजाब राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी 11 अक्टूबर को जिला गुरदासपुर पहुंचेंगे। इस दौरान वह दीनानगर और बटाला में आयोजित होने वाले खुले सुनवाई शिविरों में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। 11 अक्टूबर को सबसे पहले सुबह 11 बजे एस.एस.एम. कॉलेज, दीनानगर में खुले सुनवाई शिविर का आयोजन किया जाएगा। यहां पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे कामधेनु गौशाला, समाध रोड, बटाला में खुले सुनवाई शिविर का आयोजन किया जाएगा। यहां भी वह लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने जिला गुरदासपुर के निवासियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याएं और शिकायतें रखने के लिए दीनानगर तथा बटाला में आयोजित होने वाले इन विशेष खुले सुनवाई शिविरों में पहुंचें।

पराली जलाने से रोकने के लिए गुरदासपुर जिले में व्यापक जागरूकता अभियान जारी

- इस वर्ष किसानों ने अनुदान पर खरीदीं 1,600 फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें

डेली आवाज भारती



गुरदासपुर, (अमंदीप संधू): उपायुक्त गुरदासपुर आदित्य उप्पल के दिशा-निर्देशों के तहत पराली जलाने से रोकने के लिए जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी गुरदासपुर डॉ. शहबाज सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सूचना, शिक्षा एवं संचार संबंधी गतिविधियां लगातार करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काहनूवान में पराली प्रबंधन के तहत सभी ब्लॉकों की आशा कार्यकर्ताओं के साथ जागरूकता शिविर लगाया गया। इस दौरान फसल अवशेषों को आग लगाने से पर्यावरण और मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं को अपने कार्यों के साथ-साथ किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक करने का प्रचार करने के लिए भी कहा गया। उन्होंने आगे बताया कि इस अभियान के तहत अब तक गांवों में 250 जागरूकता शिविर और ब्लॉक स्तर पर 40 शिविर लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा, बटाला में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया है। वहीं, तीन जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को पराली नहीं जलाने और फसल अवशेष प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं और सरपंचों के साथ शिविर लगाने के अलावा स्कूलों में भी पराली नहीं जलाने के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही धार्मिक स्थलों के माध्यम से जागरूकता घोषणाएं करवाकर लोगों को पराली जलाने की प्रथा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के परिणामस्वरूप किसान फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित हो रहे हैं। इस वर्ष किसानों ने अनुदान के तहत 1,600 फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें खरीदी हैं, जिन पर लगभग 35 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है।

बरनाला के आंगनवाड़ी केंद्रों में उत्साह के साथ मनाया गया ईसीसीई दिवस



डेली आवाज भारती

बरनाला/राकेश जठी : सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी निर्देशों के तहत जिला बरनाला के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दशहरे और दिवाली के त्योहारों के महत्व, सांस्कृतिक विरासत तथा अच्छाई और बुराई के बीच अंतर को सरल एवं रोचक तरीके से समझाना था। इस अवसर पर 3 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों और उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने खेलों, कहानियों, बातचीत और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को त्योहारों से जुड़ी परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों की जानकारी दी।

जेई की फील्ड समस्याओं को लेकर पावरकॉम प्रबंधन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

छुट्टियों, कर्मचारियों की कमी और अतिरिक्त ड्यूटियों के मुद्दे गरमाएंगे

- 16 अक्टूबर को गुरदासपुर में होगी जेई काउंसिल की जनरल काउंसिल बैठक

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू) पावरकॉम में कार्यरत जूनियर इंजीनियरों (जेई) को पेश आ रही फील्ड समस्याओं, छुट्टियों की कमी, कर्मचारियों की कमी और अतिरिक्त ड्यूटियों जैसे गंभीर मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाने के लिए जेई काउंसिल ने संघर्ष तेज करने की रणनीति तैयार की है। इसी कड़ी में 16 अक्टूबर को गुरदासपुर में जनरल काउंसिल की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य और जोन स्तर के नेताओं सहित लगभग 150 सदस्य भाग लेंगे। जेई काउंसिल बॉर्डर जोन के महासचिव इंजीनियर विमल कुमार और जिला प्रधान इंजीनियर जतिंदर शर्मा ने कार्यकारी समिति की बैठक के बाद जारी लिखित प्रेस बयान में बताया कि जनरल काउंसिल का मुख्य उद्देश्य जेई की जमीनी स्तर की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार करना है। बैठक में गुरदासपुर सर्कल के अंतर्गत कार्यरत जेई, सहायक सहायक अभियंता (एएई), उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) और अन्य सदस्य शामिल होंगे। नेताओं ने कहा कि पावरकॉम के जेई को ड्यूटी के दौरान ऐसी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिनके कारण वे अपने परिवार और निजी जीवन के लिए भी पर्याप्त समय नहीं निकाल पाते। उनके अनुसार, अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को साप्ताहिक छुट्टी मिल जाती है, लेकिन बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी के कारण जेई को अक्सर छुट्टी से भी वंचित रहना पड़ता है। शाम पांच बजे ड्यूटी का समय पूरा होने के बाद भी यदि रात को बिजली की लाइन बंद हो जाए, तो उन्हें दोबारा मौके पर पहुंचकर बिजली आपूर्ति बहाल करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जेई से लगातार ड्यूटी लेना और उन्हें पर्याप्त आराम तथा छुट्टी नहीं देना उनके हितों से जुड़ा गंभीर मामला है। संगठन के अनुसार, इन समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने के लिए पावरकॉम प्रबंधन को जेई की वास्तविक फील्ड समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों की कमी के बावजूद जेई और तकनीकी कर्मचारियों की पराली जलाने की घटनाओं को रोकने संबंधी ड्यूटियां भी लगाई जा रही हैं। इस मामले को पावरकॉम के ध्यान में लाया गया है। संगठन का कहना है कि जेई और तकनीकी कर्मचारियों को ऐसी अतिरिक्त ड्यूटियों पर लगाने से बिजली आपूर्ति बहाल करने की उनकी मुख्य जिम्मेदारी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जेई और तकनीकी कर्मचारियों को इन ड्यूटियों पर तैनात किया जाता है।

कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने बस्ती दानिशमंदा में श्री गुरु रविदास महाराज जी को समर्पित गेट का नींव पत्थर रखा

- कहा,श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व संबंधी राज्य स्तरीय समारोहों के हिस्से के तौर पर एक करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की शुरुआत

डेली आवाज भारती



जालंधर,बलजीत सिंह : पंजाब के बागबानी, स्वतंत्रता सेनानी और रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने आज बस्ती दानिशमंदा में श्री गुरु रविदास महाराज जी को समर्पित गेट के निर्माण के लिए नींव पत्थर रखा । स्वामी गुरदीप गिरी जी महाराज (पठानकोट वाले) की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री ने बताया कि लगभग एक करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य शहर की सुंदरता को बढ़ाना और श्रद्धालुओं को एक शानदार सौगात देना है। एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित साल भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि इस विशाल समारोह को मनाने के लिए प्रदेश भर में करोड़ों रुपये की राशि जारी की गई है। कैबिनेट मंत्री ने राज्य स्तरीय प्रोग्रामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि इनमें जिला स्तरीय कीर्तन दरबार, श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन और दर्शन को दर्शाते ड्रोन शो तथा 12,000 से अधिक गांवों में दस्तावेजी फिल्मों का प्रदर्शन शामिल है। इसके अलावा गुरु जी की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए गांव बल्ला में 'श्री गुरु रविदास जी बाणी अध्ययन केंद्र' भी स्थापित किया जा रहा है। इससे पहले स्वामी गुरदीप गिरी जी महाराज ने कैबिनेट मंत्री के प्रयासों की सराहना की और 650वें प्रकाश पर्व को इतने बड़े स्तर पर मनाने के प्रति प्रदेश सरकार की वचनबद्धता की प्रशंसा की।

page 4_Layout 1 09-10-2026 21:39 Page 1

नशे को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन प्रतिबद्धः एसडीएम अभिषेक शर्मा

एसडीएम द्वारा ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों का दौरा, लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील

डेली आवाज भारती



एसडीएम अभिषेक शर्मा एवं अन्य अधिकारी लोगों को नशों के बुरे प्रभावों प्रति जागरुक करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए चलाए जा रहे अभियान नशे के विरुद्ध युद्ध के तहत एसडीएम अभिषेक शर्मा ने फिरोजपुर के विभिन्न ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों, फत्तूवाला, इंदिरा कॉलोनी, ग्वाल टोली, बाजीदपुर, घल्लखुर्द, करमिती रोड, अजीत नगर तलवंडी भाई आदि का दौरा किया।

इस दौरान उनके साथ डीएसपी सुखविंदर सिंह और डीएसपी करण शर्मा भी थे। इस अवसर पर एसडीएम अभिषेक शर्मा ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर कहा कि पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन प्रदेश से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस अभियान की सफलता के लिए लोगों का सहयोग बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने ड्रग हॉटस्पॉट इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, लाइटें, खेल के मैदान आदि की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर अधिकारियों को उनका शीघ्र से शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम जनता से पुरजोर अपील की कि वे अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए आगे आएं और नशे के विरुद्ध अभियान में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी संबंधी जानकारी देकर समाज को इस बुराई से मुक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी नशा तस्कर के बारे में जानकारी बिना किसी डर के उनसे साझा की जाए। उन्होंने कहा कि नशा तस्कर के बारे में जानकारी देने के लिए सेफ पंजाब हेल्पलाइन नंबर 97791-00200 पर भी संपर्क किया जा सकता है, जानकारी देने वाले की पहचान बिल्कुल गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध इस साझा लड़ाई में लोगों की सक्रिय भागीदारी से नशा मुक्त पंजाब के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर तहसीलदार फिरोजपुर हरिन्द्र पाल सिंह बेदी, जिला खेल अधिकारी गुरदीप सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी गुरजंट सिंह, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी आदि भी उपस्थित थे।

डेंगू पर वारः स्वास्थ्य विभाग ने वर्कशॉपों, टायर की दुकानों और पुलिस थानों में चलाया जागरूकता अभियान

- मच्छरों की पैदावार रोकने के लिए लगातार की जा रही जांच, लोगों को बचाव के प्रति किया जागरूक

डेली आवाज भारती



बरनाला/गोपालः स्वास्थ्य विभाग बरनाला की ओर से स्वास्थ्य विभाग पंजाब के निदेशक के निर्देशों के अनुसार वर्कशॉपों, टायर की दुकानों, पुलिस थानों और घरों में जाकर डेंगू से बचाव के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन बरनाला डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि मच्छरों की पैदावार रोकने के लिए विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर जांच करने और लोगों को जागरूक करने के प्रयास लगातार जारी हैं। इस अवसर पर जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. मुनीश कुमार और डॉ. साक्षी सोनी ने डेंगू के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते, नाक या मसूड़ों से खून आना तथा शरीर में अत्यधिक दर्द जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेकर उपचार करवाना चाहिए। हेल्थ इंस्पेक्टर गुरमेल सिंह ढिल्लों और सुरिंदर सिंह ने बताया कि इन दिनों डेंगू और चिकनगुनिया का मौसम चल रहा है। इसलिए घरों, दुकानों और वर्कशॉपों में पड़े टायरों, घड़ों, पानी की खेलों, गमलों, कूलरों और फ्रिज की पिछली ट्रे सहित पानी जमा होने वाले सभी स्थानों की नियमित सफाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर शुक्रवार को इन स्थानों को अच्छी तरह खाली करके सुखाना चाहिए, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके।

जिला मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी कुलदीप सिंह मान ने बताया कि डेंगू या चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। उपचार में देरी करना या केवल घरेलू उपचार पर निर्भर रहना कई बार जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों और आम आदमी क्लीनिकों में डेंगू की जांच और उपचार बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध हैं। उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें विभिन्न स्थानों पर मच्छरों के लार्वा की जांच कर रही हैं। जहां भी लार्वा मिलता है, उसे मौके पर ही लार्वीसाइड के माध्यम से नष्ट करवाया जाता है। इसके अतिरिक्त समूह बैठकों के जरिए आम लोगों और स्कूलों में बच्चों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि डेंगू से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास पानी जमा न होने दें, नियमित सफाई रखें और डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

खरड़ के गाँव गोचर में घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के सोने-चांदी के गहने चोरी

रात के समय दिया वारदात को अंजाम

डेली आवाज भारती



खरड़ /माजरी: खरे के अधीन आते गाँव गोचर में चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी को अंजाम दिया है। चोर घर से लाखों रुपए मूल्य के सोने और चांदी के गहने चुराकर ले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मामले की जाँच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गाँव गोचर निवासी अमनदीप सिंह पुत्र लज्जा राम ने बताया कि उनका परिवार रात को रोजाना की तरह खाना खाने के बाद सो गया था। अगली सुबह करीब 5:30 बजे जब उनके पिता उठे, तो उन्होंने घर में सामान बिखरा देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर जब पूरा परिवार जागा तो उन्होंने पाया कि कमरे की अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। अमनदीप के अनुसार, अलमारी में रखी उनकी पत्नी के सोने के गहने गायब थे। इसके अलावा, घर में रखी लोहे की पेटियों (संदूक) के ताले भी टूटे हुए मिले, जिनमें पुश्तैनी (पैतृक) सोने और चांदी के गहने रखे हुए थे। चोर इन सभी गहनों को चुराकर ले गए, जिनकी कुल कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

पुलिस जाँच में जुटी

घटना के तुरंत बाद पीि त परिवार ने ब्लॉक माजरी थाना पुलिस को इसकी सूचना दी और अपने बयान दर्ज करवाए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लेते हुए साक्ष्य जुटाए। इस संबंध में जब ब्लॉक माजरी थाना पुलिस से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि पीि त की तरफ से शिकायत दर्ज करवा दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की गंभीरता से जाँच की जा रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

कोआपरेटिव बैंक सियालबा घोटाले पर विभाग ने मानी लोकहित मिशन की मांग, 12 अक्टूबर का धरना स्थगित

डेली आवाज भारती



न्यू चंडीगढ़, (हरतेज सिंह तेजी) : कोआपरेटिव बैंक सियालबा में हुए वित्तीय घोटाले के मामले में जिला प्रशासन और विभाग ने लोकहित मिशन (बीकेयू पंजाब) के नेताओं के साथ हुई बैठक में पीड़ित खाताधारकों की रकम जल्द वापस लौटाने की मांग मान ली है। इस आश्वासन के बाद मिशन ने 12 अक्टूबर को बैंक के सामने होने वाले धरने को फिलहाल स्थगित कर दिया है। मोहाली के फेज-2 स्थित विभाग के कार्यालय में जिला मैनेजर गगनदीप सिंह चहल और बैंक मैनेजर तेजपाल सिंह की अगुवाई में मिशन के नेताओं–गुरमीत सिंह शांतू, रविंदर सिंह बजीदपुर, भगत सिंह भगत माजरा और हरजिंदर सिंह मुंधों के साथ एक अहम बैठक हुई।

बैठक के मुख्य बिंदुः

घोटाले की राशि और एक साल का विलंबः मिशन के नेताओं ने बैंक में हुए लगभग 5 करोड़ 5 लाख रुपये के घोटाले के पीड़ितों को एक साल बीत जाने के बाद भी राशि वापस न मिलने पर कड़ा ऐतराज़ जताया।

प्रशासन का आश्वासनः जिला मैनेजर गगनदीप सिंह चहल ने विश्वास दिलाया कि विभाग की ओर से जांच के तहत चिह्नित किए गए 2 करोड़ 90 लाख रुपये में से 1 करोड़ 8 लाख रुपये अगले 20 दिनों के भीतर सीधे पीड़ितों के खातों में जमा कर दिए जाएंगे।

शेष मामलों का निपटाराः इसके अलावा, बाकी बचे 1 करोड़ 7 लाख रुपये के मामलों की जांच पूरी कर जल्द ही उनका निपटारा किया जाएगा।

बैठक के बाद मिशन के नेताओं ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के आश्वासन पर 12 अक्टूबर का धरना स्थगित कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि विभाग ने अपने वादे के खिलाफ कोई कोताही बरती, तो लोकहित मिशन कड़ा संघर्ष शुरू करने के लिए बाध्य होगा।

श्री हिन्दू तख्त (भारत) द्वारा माणिक तलवार को वरिष्ठ पंजाब प्रधान नियुक्त किया गया

डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह : श्री हिन्दू तख्त (भारत) के मुखी श्री ब्रह्मानंद गिरी जी महाराज द्वारा कल आयोजित कथा के दौरान माणिक तलवार को वरिष्ठ पंजाब प्रधान के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर श्री ब्रह्मानंद गिरी जी महाराज ने माणिक तलवार को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें श्री हिन्दू तख्त के उद्देश्यों, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी। माणिक तलवार ने इस जिम्मेदारी के लिए श्री ब्रह्मानंद गिरी जी महाराज एवं श्री हिन्दू तख्त (भारत) के पदाधिकारियों, विशेष रूप से श्री कुणाल अग्रवाल जी, का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा पंजाब में सनातन धर्म, सामाजिक सेवा और धार्मिक एकता से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। श्री हिन्दू तख्त (भारत) की ओर से माणिक तलवार को वरिष्ठ पंजाब प्रधान नियुक्त किए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।



गुरप्रताप सिंह पडियाला की अगुवाई में गांव झिंगड़ां कलां में पूर्व सरपंच और पंचों सहित कई लोग कांग्रेस में शामिल

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़ियाः गांव झिंगड़ां कलां में बीते दिनों कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जनरल सचिव (पंजाब किसान कांग्रेस) गुरप्रताप सिंह पडियाला की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पडियाला ने गांववासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच और पंचों सहित कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। बैठक को संबोधित करते हुए गुरप्रताप सिंह पडियाला ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आप सरकार पंजाब के लोगों के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है और पंजाबियों की मेहनत की कमाई दिल्ली के कुछ कथित नेताओं पर खर्च की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अपने भाषणों में झूठे दावे कर रहे हैं। पडियाला ने कहा कि मुख्यमंत्री का कर्तव्य पंजाब के हितों और सरकारी खजाने की रक्षा करना है, लेकिन उनके अनुसार वह अपने नेताओं के दबाव में चुप बैठे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का समर्थन कर पंजाब में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाई जाए, ताकि पंजाब के खजाने के एक-एक पैसे का हिसाब लिया जा सके और राज्य को दोबारा विकास एवं तरक्की की राह पर आगे बढ़ाया जा सके। बैठक के दौरान गुरप्रताप सिंह पडियाला की अगुवाई में हरी सिंह पूर्व सरपंच, करमजीत सिंह पंच, संदीप सिंह पंच, मनजीत कौर पंच, जतिंदर सिंह पंच, जोगा सिंह, हरप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह और गुरदीप झिंगड़ा कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने हल्के के सरकारी स्कूलों में मेगा अभिभावक-अध्यापक मिलनी में की शिरकत

अभिभावकों और अध्यापकों के आपसी तालमेल से बच्चों की शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास को मिलेगा बढ़ावा : विधायक डॉ गुप्ता

डेली आवाज भारती





अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के तहत आज राज्यभर के सरकारी स्कूलों में मेगा अभिभावक-अध्यापक मिलनी आयोजित की गई। इसी कड़ी में केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज कटरा करम सिंह और नवाकोट के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित अभिभावक-अध्यापक मिलनी में भाग लिया। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि अभिभावक-अध्यापक मिलनी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। जब अभिभावक और अध्यापक आपसी तालमेल से बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन और सीखने से जुड़ी जरूरतों पर विचार-विमर्श करते हैं, तो बच्चों की क्षमताओं को निखारने और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाने में सहायता मिलती हैं।उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उसकी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार सहयोग उपलब्ध करवाना है। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि 'हर दिन, एक कदम आगे' के संकल्प के साथ आयोजित की जा रही यह मेगा अभिभावक-अध्यापक मिलनी बच्चों की निरंतर प्रगति के लिए अभिभावकों और अध्यापकों के बीच साझेदारी को और मजबूत करती है। इससे बच्चों की खूबियों को पहचानने के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया जा सकता है, जहां उन्हें अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती है।

11 अक्टूबर को अमृतसर में होगी 5 किलोमीटर पंजाब यूथ रन मैराथनः गुरप्रताप सिंह संधू

- हर आयु वर्ग के लोग ले सकेंगे भाग; विजेताओं को दिए जाएंगे आकर्षक पुरस्कार

युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे से दूर रहने का दिया जाएगा संदेश

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) : युवाओं को खेलों और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने तथा नशों के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 11 अक्टूबर को अमृतसर में 5 किलोमीटर की पंजाब यूथ रन मैराथन आयोजित की जा रही है। मैराथन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला योजना समिति, अमृतसर के चेयरमैन गुरप्रताप सिंह संधू ने बताया कि मैराथन 11 अक्टूबर को सुबह 5 बजे रंजीत एवेन्यू स्थित होटल एच.के. क्लार्क के नजदीक टी-पॉइंट से शुरू होगी। इसका रूट कचहरी चौक, कैंट चौक, हरतेज अस्पताल और पुरानी पुलिस चौकी, सी-ब्लॉक से होते हुए वापस होटल एच.के. क्लार्क के नजदीक टी-पॉइंट पर समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि मैराथन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित हर आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों का पंजीकरण स्कैनिंग के माध्यम से किया जाएगा और उन्हें टी-शर्ट दी जाएंगी। मैराथन पूरी करने वाले प्रतिभागियों को पदक भी प्रदान किए जाएंगे, जबकि विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। चेयरमैन गुरप्रताप सिंह संधू ने कहा कि पंजाब यूथ रन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशों से दूर रहने, खेलों से जुड़ने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब की असली ताकत उसके युवा हैं और युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देकर ही राज्य को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब यूथ रन के माध्यम से फिटनेस, खेलों और नशा विरोधी जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने अमृतसर के युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से अपील की कि वे इस मैराथन में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने बताया कि मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी क्यूआर कोड के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

मेट्रो-ट्रेन बंद करने पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता, कहा- सब कुछ ठप नहीं कर सकते

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली में 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और ट्रेनों को रद्द करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार से इन पाबंदियों पर पुनर्विचार करने को कहा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियम लागू किए जा सकते हैं, लेकिन आम लोगों की आवाजाही और रोजी-रोटी को पूरी तरह बाधित नहीं किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग कामकाज के लिए आते-जाते हैं। इनमें गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा, पूर्वी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली से आने वाले यात्री भी शामिल हैं। अदालत ने कहा कि हर व्यक्ति के पास निजी वाहन नहीं होता और कई लोग रोजाना सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में मेट्रो स्टेशनों को पूरी तरह बंद करने और रेल सेवाएं रद्द करने से आम यात्रियों को परेशानी हो सकती है। यह मामला कॉकरोच जनता पार्टी (छ्छुक्क) के 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले लगाए गए प्रतिबंधों से जुड़ा है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 57 मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश और निकास बंद करने तथा नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर आने वाली कई ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया गया था। माकपा महासचिव एम.ए. बेबी की याचिका पर सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इन पाबंदियों का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और ट्रेनों को रद्द करने से लोगों की आवाजाही प्रभावित होगी, जबकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण बताया जा रहा है।

खून से सनी छत से उम्रकैद तकः सत्र न्यायालय, अमृतसर ने हत्या के मामले में आरोपी को दोषी ठहराया

परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अहम फैसला, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 201 के तहत सुनाई गई सजा

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित एक महत्वपूर्ण फैसले में माननीय सत्र न्यायाधीश श्रीमती जतिंदर कौर, अमृतसर की अदालत ने हत्या के एक मामले में धर्मिंदर कुमार ढाढी उर्फ छोटू को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 302 के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा, साक्ष्य मिटाने के आरोप में धारा 201 IPC के तहत अलग सजा भी सुनाई गई है। यह मामला 11 और 12 अगस्त, 2020 की मध्यरात्रि का है, जब राज कुमार नामक 37 वर्षीय मजदूर की हत्या कर दी गई थी। वह मकबूलपुरा, अमृतसर के फोकल प्वाइंट स्थित राम किरपा इंडस्ट्रीज, फैक्टरी नंबर 367 में काम करता था। राज कुमार और आरोपी एक ही फैक्टरी में काम करते थे और फैक्टरी की पहली मंजिल पर रहते थे। 12 अगस्त, 2020 की सुबह मृतक के भतीजे दिनेश कुमार ने अपने चाचा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। संपर्क नहीं होने पर वह उनका पता लगाने के लिए फैक्टरी पहुंचा। वहां उसे पता चला कि राज कुमार काम पर नहीं आया था और आरोपी भी अनुपस्थित था। जब दिनेश कुमार छत पर पहुंचा, जहां उसका चाचा सोया करता था, तो उसने फर्श पर खून बिखरा हुआ देखा। इससे किसी गंभीर अपराध की आशंका पैदा हुई। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी और मृतक के बीच तनावपूर्ण संबंध होने के साक्ष्य सामने आए। फैक्टरी के मालिक विनोद सचदेवा ने गवाही दी कि घटना से लगभग 12-13 दिन पहले राज कुमार ने उनसे शिकायत की थी कि आरोपी उसे परेशान करता था और गालियां देता था। इसके बाद फैक्टरी मालिक ने आरोपी को बुलाकर ऐसा व्यवहार दोबारा नहीं करने की सलाह दी थी।

सुनाई गई सजा

अदालत ने निम्नलिखित सजाएं सुनाईं:

धारा 302 IPC: उम्रकैद और 10,000 का जुर्माना। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में दो वर्ष की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी।

धारा 201 IPC: तीन वर्ष की कठोर कैद और 2,000 का जुर्माना। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में दो महीने की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी।

दोनों मुख्य सजाएं एक साथ चलेंगी। यदि दोषी पहले ही कोई अवधि हिरासत में बिता चुका है, तो अदालत के निर्देशों के अनुसार उस अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। यह फैसला माननीय सत्र न्यायाधीश श्रीमती जतिंदर कौर, अमृतसर द्वारा 9 अक्टूबर, 2026 को सुनाया गया।

page 5_Layout 1 09-10-2026 18:13 Page 1

नगर काउंसिल कुराली की बैठक में 16.50 करोड़ रुपये के विकास प्रस्ताव पारित

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़ियः नगर काउंसिल कुराली के अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके की अध्यक्षता में काउंसिल की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती शमा कालिया तथा कार्यकारी अधिकारी (ईओ) रजनीश सूद की देखरेख में शहर के सर्वांगीण विकास, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान शहर के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से लगभग 16 करोड़ 50 लाख रुपये के विभिन्न प्रस्तावों और एस्टीमेटों को सभी काउंसिलरों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के दौरान काउंसिल अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके ने बताया कि नगर काउंसिल शहर के सभी 17 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। लगभग 28 अलग-अलग स्थानों पर करवाए जा रहे विकास कार्यों के तहत शहर की सड़कों, गलियों, नालियों तथा अन्य जरूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। विकास कार्यों से संबंधित एस्टीमेट मंजूर होने के बाद इन कार्यों को जल्द शुरू करवाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे, ताकि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने बताया कि शहर में लगातार बढ़ रहे यातायात के दबाव को देखते हुए बाईपास रोड पर डिवाइडर बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत मोतियां-अमायरा पुल से लेकर रोपड़ रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के पास गांव झंजेड़ी से लगती कुराली शहर की सीमा तक डिवाइडर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिवाइडर बनने से वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने में भी सहायता मिलेगी। शहर में बढ़ते यातायात को देखते हुए यह कार्य काफी महत्वपूर्ण है। बैठक में काउंसिल अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके और ईओ रजनीश सूद ने दोहराया कि शहर के प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जाएंगे और किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। इस दौरान काउंसिलर भारत भूषण वर्मा सहित अन्य काउंसिलरों ने शहर के 17 वार्डों में करीब 28 अलग-अलग स्थानों पर करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके का धन्यवाद किया।

इंडियन सोसाइटी ऑफ़ ओटोलॉजी ISOCON 2026 का 34वां सालाना नेशनल कांफ्रेंस श्री गुरु राम दास यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज, अमृतसर में हुआ

कांफ्रेंस में भारत और विदेश के 1500 से ज़्यादा डेलीगेट्स, मेडिकल एक्सपर्ट्स ने लिया हिस्सा

डेली आवाज भारती





अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल): श्री गुरु राम दास यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज, श्री अमृतसर ने इंडियन सोसाइटी ऑफ़ ओटोलॉजी के साथ मिलकर 9 नवंबर से 11 नवंबर तक इंडियन सोसाइटी ऑफ़ ओटोलॉजी (ढ्रस्ह्लष्टहह्व) - 2026 का 34वां सालाना नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया। इस तीन दिन की कॉन्फ्रेंस में भारत और विदेश के 1500 से ज़्यादा जाने-माने श्वह्लज्ञह्य ने हिस्सा लिया। सर्जन, ओटोलॉजिस्ट, कॉक्लियर इम्प्लांट स्पेशलिस्ट, स्कल-बेस सर्जन, रिसर्चर और मेडिकल एक्सपर्ट कान और सुनने से जुड़ी बीमारियों के इलाज, नई टेक्नीक और नई रिसर्च पर चर्चा करेंगे और प्रैक्टिकल जानकारी के ज़रिए अपने ज्ञान और अनुभव को और बढ़ाएंगे। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफ़ोर्निया, सैन डिएगो के ओटोलैरिंगोलॉजी-हेड एंड नेक सर्जरी और न्यूरोलॉजिकल सर्जरी के जाने-माने प्रोफेसर डॉ. जेफ़री पी. हैरिस ने चीफ गेस्ट के तौर पर किया। डॉ. जेफ़री ने कहा कि श्री गुरु रामदास यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज़, जिसने भारत का गौरव बढ़ाया है और देश-विदेश में अपना नाम बनाया है, मॉडर्न टेक्नोलॉजी, नई मेडिकल तकनीकों, खास हेल्थ सर्विसेज़ और रिसर्च के ज़रिए देश में मेडिकल एजुकेशन और हेल्थ सर्विसेज़ को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने गरीब, ज़रूरतमंद और आर्थिक रूप से कमज़ोर मरीज़ों को खास हेल्थ सर्विसेज़ देने के लिए यूनिवर्सिटी की कोशिशों की भी तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि मॉडर्न मेडिकल साइंस और टेक्नोलॉजी का असली फ़ायदा तभी है जब यह समाज के हर वर्ग, खासकर ज़रूरतमंदों तक पहुँचे। स्वत्रष्ठ मेडिकल कॉलेज के ऑर्गनाइज़िंग चेयरपर्सन और श्वह्लज्ञ डिपार्टमेंट के प्रो. और हेड डॉ. अरविंदर सिंह सूद ने चीफ गेस्ट, खास मेहमानों और डेलीगेट्स का स्वागत किया और कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक प्रोग्राम के बारे में छोटी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस के दौरान रोज़ाना लाइव सर्जिकल डेमोंस्ट्रेशन, इंटरैक्टिव पैनल डिस्कशन, वीडियो प्रेजेंटेशन, सर्जिकल वर्कशॉप और टेम्पोरल बोन डाइसेक्शन सेशन होंगे। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में ह्र से डॉ. जेफरी पी. हैरिस, रूस से डॉ. हसन डिया, ब्राजील से डॉ. जोआओ फ्लेवियो नोगीरा जूनियर, फ्रांस से डॉ. रॉबर्ट विंसेंट, इटली से प्रो. फेडेरिको बिगलियोली, डॉ. डॉ. अरुण अय्यर समेत 40 दूसरे इंटरनेशनल डेलीगेट्स का होना इंस्टीट्यूट के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वे बीमारियों की डायग्नोसिस और सर्जरी में इस्तेमाल होने वाली नई टेक्नीक के बारे में पूरे इंडिया से आए श्वह्लज्ञ डॉक्टरों के साथ अपनी नॉलेज शेयर करेंगे और सर्जिकल एक्सपर्ट्स के साथ सर्जरी करने का तरीका दिखाएंगे। और जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यंग ओटोलॉजिस्ट और रिसर्चर्स को बढ़ावा देने के लिए कॉन्फ्रेंस के दौरान अवार्ड पेपर सेशन, ई-पोस्टर प्रेजेंटेशन, टेम्पोरल बोन डाइसेक्शन वर्कशॉप, डाइसेक्शन कॉम्पिटिशन और ढ्रस्ह्लष्टहह्व फेलोशिप से जुड़े सेशन भी ऑर्गनाइज़ किए जाएंगे। स्वत्रष्ठ मेडिकल कॉलेज के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी और श्वह्लज्ञ डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. जसकरन सिंह ने कहा कि ढ्रस्ह्लष्टहह्व 2026 का मुख्य मकसद भारत में सुनने की क्षमता में कमी और बहरेपन की रोकथाम और इलाज के मॉडर्न और असरदार तरीकों को मजबूत करना है।

सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लक्खा हाजी में मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलनी आयोजित

डेली आवाज भारती



सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लक्खा हाजी में आयोजित मेघा अभिभावक-शिक्षक मिलनी में हिस्सा लेते हुए अध्यापक व अभिभावक।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार स्कूल शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी फिरोजपुर श्रीमती मोनिला अरोड़ा, उप जिला शिक्षा अधिकारी डा.सतिन्द्र सिंह के निर्देशानुसार और डीडीओ स.प्रगट सिंह बराड़ और स्कूल इंचार्ज लेक्चरर स. जगदीप सिंह के मार्गदर्शन में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लखा हाजी में शनिवार को को मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलनी आयोजित की गई। इस अभिभावक-शिक्षक मिलनी में शिक्षकों ने कक्षाओं के सितंबर के नतीजों के बारे में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बताया। इस विशेष अवसर पर स्कूल लेक्चरर मैडम सीमा रानी ने पहली तीन पोजीशन पर आए बच्चों को सम्मानित किया और पढ़ाई में आगे से और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लेक्चरर मैडम सीमा रानी ने स्कूल में मिलने वाली मुख्य सुविधाओं, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, स्कूल की उपलब्धियों के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी गई और संपूर्ण प्रगति कार्ड भी विद्यार्थियों को बांटे गए और हर दिन, एक कदम आगे, बढ़ने के लिए घर में बच्चों की शिक्षा में सहायता करने के बारे में अभिभावकों को प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने वार्षिक परिणाम और बेहतर लाने के लिए विद्यार्थियों को और मेहनत करने के लिए भी प्रेरित किया। इस विशेष अवसर पर विशेष रूप से गांव के सरपंच और एस.एम.सी समिति के चेयरमैन और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे और उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम आने पर बधाई दी और स्कूल की पूरी टीम को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों और स्कूल की उपलब्धियों की सराहना की।

अज्ञात व्यक्तियों ने गांव मनसूरवाल कलां में की फायरिंग

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर कगी पुलिस ने बीते दिन स्कॉर्पियों गाड़ी में सवार अज्ञात लोगों की तरफ से फायरिंग करके माहौल खराब करने और दहशत फैलाने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ असहाल एक्ट और अन्य धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई बलराज सिंह ने बताया कि बीते दिन स्कॉर्पियों गाड़ी नंबर पीबी-09एआर-3758 पर सवार कुछ अज्ञात लोगों ने गांव मनसूरवाल कलां के पास हवाई फायरिंग की और उससे आस-पास का माहौल खराब करते हुए लोगों में दहशत फैलाई है। जिसके चलते पुलिस ने उक्त स्कॉर्पियों गाड़ी में सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है और जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस ने अज्ञात लोगों पर विभिन्न धाराओं तहत दर्ज किया मामला

डाकघर पहुंचकर नन्हे विद्यार्थियों ने जाना चिट्ठियों का सफर..

डेली आवाज भारती



डाकघर पहुंचकर स्कूल के नन्हें विद्यार्थी अहम जानकारियां हासिल करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): किताबों से निकलकर जब नन्हे विद्यार्थियों ने डाकघर की दुनिया को करीब से देखा तो उनके मन में उठने वाले सवालों को भी नए जवाब मिले। राष्ट्रीय डाक दिवस के अवसर पर डीसीएम इंटरनेशनल स्कूल के दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने जाना कि चिट्ठियां किस तरह अपने गंतव्य तक पहुंचती हैं और डाक विभाग लोगों को सेवाएं देने में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डाकघर के हेड पोस्टमास्टर गुरप्रीत बेदी ने विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को पत्रों की छंटाई, डाक वितरण और डाकघर में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ डाकघर की गतिविधियों को देखा और कई नई जानकारियां हासिल कीं। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल अनुराधा चंडेल ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव भी बेहद जरूरी है। शैक्षणिक भ्रमण बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाने के साथ उन्हें वास्तविक जीवन की गतिविधियों को समझने का अवसर देते हैं। ऐसे अनुभव विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावशाली बनाते हैं। विद्यार्थी दृष्टि, प्रभनूर कौर, श्रेया, नेहल, आरव और ईशान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि डाकघर का भ्रमण उनके लिए बेहद रोचक रहा। उन्हें यहां बहुत कुछ नया सीखने और डाक सेवाओं को करीब से समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर अध्यापक रीटा, फिलिप, सुरुचि और लकी भी उपस्थित रहे। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और यादगार साबित हुआ।

लुधियाना के गुरुद्वारा मंजी साहिब के लंगर हॉल पर पत्थरबाजी का आरोप, पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर

डेली आवाज भारती



लुधियाना। पंजाब के लुधियाना स्थित आलमगीर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब पातशाही दसवीं के लंगर हॉल पर कथित पत्थरबाजी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज की है। वहीं, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने लोगों से सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और्र ढ्ढ से तैयार या बदली गई तस्वीरों और वीडियो पर बिना पुष्टि भरोसा न करने की अपील की है। जानकारी के मुताबिक, घटना 5 अक्टूबर को हुई। गुरुद्वारा प्रबंधन का आरोप है कि लंगर छकने आए एक व्यक्ति को सेवादार ने रोका था, क्योंकि वह कथित तौर पर नशे की हालत में दिखाई दे रहा था। आरोप है कि कुछ समय बाद वह अन्य लोगों के साथ वापस आया और लंगर हॉल की ओर पत्थर फेंके। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद कार्रवाई शुरू हुई। पुलिस ने शुरुआत में डेली डायरी रिपोर्ट (DDR) दर्ज की और पांच लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद 8 अक्टूबर को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 298 के तहत स्नढ्ढक्रदर्ज की गई। बताया गया है कि आरोपी बिहार के रहने वाले हैं और गुरुद्वारे के आसपास रहते थे। मामले में SGPC अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने भी घटना की निंदा की है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

SGPC ने संगत से की खास अपील

SGPC ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अपुष्ट तस्वीरों, वीडियो और्र ढ्ढ से बनाई या बदली गई सामग्री को बिना जांचे साझा न करें। कमेटी के अनुसार, ऐसी सामग्री गलत जानकारी फैलाने और सामाजिक तनाव बढ़ाने का कारण बन सकती है। गुरुद्वारा साहिब सिख समुदाय के लिए आस्था, सेवा और आपसी भाईचारे का केंद्र है। लंगर की परंपरा सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के भोजन कराने और समानता का संदेश देती है। ऐसे में घटना की निष्पक्ष जांच और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई जरूरी है, ताकि जिम्मेदारी तय हो और अपुष्ट सामग्री के कारण समाज में तनाव न फैले।

कराटे और वुशु प्रतियोगिताओं में माता साहिब कौर स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत पद्क हासिल करके स्कूल का नाम किया रोशन

डेली आवाज भारती



बच्चे प्रतियोगिता में जीते हुए मेडलों के साथ अपने स्कूल के प्रबंधकों के साथ खुशी व्यक्त करते हुए।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): **माता** साहिब कौर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कराटे और वुशु प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले विद्यार्थियों में थवंश लाल, परमप्रीत, शुभप्रीत सिंह, रॉबिन बिंद्रा, दमन कुमार, जगसीर सिंह, गुरशरण सिंह, सहजदीप, सक्षम कंबोज, राजवीर सिंह, परनीत सिंह, अर्शप्रीत और रणबीर सिंह शामिल हैं। वहीं, एकमजोत सिंह और अभिजोत चीमा ने रजत पदक प्राप्त किए। वुशु प्रतियोगिता में गगनप्रीत सिंह, गुरसेहज सिंह, गुरनाम सिंह, सार्थिक, नवरोज, ईशान, फरमानराज और गुरप्रीत सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि रजत पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में रयत, प्रभकीरत, सुखमनप्रीत सिंह और अभिजोत सिंह शामिल हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन स.महीपाल सिंह, प्रबंधक स.हरबीर सिंह एवं स.कमलपाल सिंह विद्यालय की प्रधानाचार्या डा.वंदना धवन खेल प्रशिक्षकों स.स्वर्ण सिंह एवं स.बख्शीश सिंह के विद्यालय के कोआर्डिनेटर अभय बजाज, संदीप कुमार और श्रीमती रचना मोंगा ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ीों, प्रशिक्षकों और मार्गदर्शकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

माल ढुलाई में फिरोजपुर मंडल का शानदार प्रदर्शन, सितंबर माह में 123.07 करोड़ का राजस्व हुआ एकत्रित : अधिकारी

डेली आवाज भारती



रेल मंडल फिरोजपुर में माल ढुलाई में करती हुई माल गाड़ी।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल ने मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में शानदार माल लोडिंग दर्ज की है। सितंबर 2026 के दौरान 123 करोड़ से अधिक का मालभाड़ा राजस्व अर्जित किया गया। यह पिछले वित्त वर्ष सितंबर की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक और प्रधान कार्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य से 80 प्रतिशत अधिक है। माल ढुलाई आय में खाद्यान्न का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खाद्यान्न से` 96.84 करोड़ की राजस्व, पीएफजी लोडिंग से 11.26 करोड़ की राजस्व, बीओजी लोडिंग से 6.32 करोड़ की राजस्व प्राप्त हुई। माल ढुलाई को ओर आकर्षक बनाने के लिए सितंबर माह में ई-नीलामी के माध्यम से पहली बार कई नई पहलें शुरू की गई। त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस में वीपी लीज, जननायक एक्सप्रेस में एस.एल.आर लीज, पंजाब मेल में एस.एल.आर. लीज तथा जालंधर सिटी गुड्स शेड में फूड वैन शामिल हैं। इन अनुबंधों से प्राप्त राजस्व 8.785 करोड़ रहा। ढिलवां गुड्स शेड से पहली बार माल लदान कर एक नई उपलब्धि हासिल की गई। मुंडियामपक्कम और साहनेवाल के बिच पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत तथा लुधियाना से हावड़ा/कोलकाता/गुवाहाटी के लिए पहली बार नई पेरिशेबल (पर्सिमोन फल) की ढुलाई शामिल है। इसके अतिरिक्त, होशियारपुर गुड्स शेड से ब्लास्ट लोडिंग के अंतर्गत 761 वैगनों में लगभग 49,453 टन माल का परिवहन कर लगभग 24 लाख का राजस्व अर्जित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल द्वारा माल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए नए वस्तु एवं नए माल ग्राहकों की पहचान, बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के माध्यम से व्यापारियों से निरंतर संपर्क तथा तेज और इको-फ्रेंडली माल परिवहन सुविधाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ये पहल माल ढुलाई सुविधाओं का विस्तार करने, लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कार्गो की कुशल आवाजाही सुनिश्चित कर ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के मंडल के निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं।

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 11 अक्तूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा

महाराजा अग्रसेन सेवा समिति, फिरोजपुर शहर की बैठक में समारोह की तैयारियों पर हुई चर्चा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): महाराजा अग्रसेन सेवा समिति, फिरोजपुर शहर की ओर से 11 अक्तूबर 2026, दिन रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम से मनाई जाएगी। इस संबंध में समारोह की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अग्रवाल समाज के गणमान्य सदस्यों एवं समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया। समारोह के अंतर्गत प्रात: 8.00 बजे महाराजा अग्रसेन चौक, फिरोजपुर शहर में महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात शाम को 7 बजे परमार्थ भवन, फिरोजपुर शहर में परिवार मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें अग्रवाल समाज के सभी परिवार भाग लेंगे। इस अवसर पर बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे तथा सभी के लिए रात्रि भोज की व्यवस्था भी की गई है। बैठक में अग्रवाल समाज की ओर से अशोक गुप्ता, रिन्द्र सिंघल, बृजभूषण मित्तल, रमेश अग्रवाल एवं धर्मपाल बांसल उपस्थित रहे। महाराजा अग्रसेन सेवा समिति की ओर से राजीव अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग, अश्विनी गोयल, विकास गोयल, अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संजय बांसल, मनमोहन गुप्ता एवं संजीव गुप्ता ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त निखिल गुप्ता एवं रुपेश गुप्ता भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, समाज में एकता, आपसी भाईचारे एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होकर डा.अभिषेक अरोड़ा अमनदीप अस्पताल ने भेंट किए बैरिकेड

डेली आवाज भारती





गुरुद्वारा साहिब बैरिकेट भेंट करते हुए डा.अभिषेक अरोड़ा और गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक उन्हें सम्मानित करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): अमनदीप अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डा.अभिषेक अरोड़ा ने गांव दुलचीके स्थित गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होकर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारा साहिब के दर्शन कर श्रद्धा व्यक्त की। यह पवित्र स्थल सिख इतिहास और धार्मिक आस्था से जुड़ा होने के कारण संगत के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर अमनदीप अस्पताल की ओर से गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी को सडे पर यातायात को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए बैरिकेड भेंट किए गए। इन बैरिकेड से गुरुद्वारा साहिब में आने वाली संगत की आवाजाही को व्यवस्थित करने में मद्द मिलेगी और यातायात के दौरान किसी प्रकार की असुविधा से बचाव होगा। इस मौके पर डा.अभिषेक अरोड़ा ने गुरुद्वारा साहिब में सरबत के भले और सभी की सुख-शांति के लिए अरदास की तथा सभी के चढ़दी कला में रहने की कामना की।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 09-10-2026 16:15 Page 1

'मां से बहुत मार खाई, निशान आज तक हैं', जब रेखा ने सुनाया था बचपन में फेल होने का किस्सा




अभिनेत्री रेखा भारतीय फिल्म सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी कला से दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। अभिनेत्री अपनी सफलता का श्रेय मां पुष्पावली को देती हैं। रेखा अक्सर कार्यक्रम या बातचीत में मां से जुड़े किस्से सुनाती रहती हैं, लेकिन शायद ही लोगों को उनकी मां के साथ बचपन का वह किस्सा पता होगा, जो हम आपको बताने जा रहे हैं। दरअसल, अभिनेत्री रेखा %द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो% के एपिसोड में गेस्ट के तौर पर गई थीं, जहां उन्होंने फिल्मों में काम करने, एक क्रेजी फैन और अपनी मां से जुड़े किस्से शेयर किए। शो के दौरान अभिनेत्री से अर्चना पूरन सिंह ने सवाल किया, ÷आपने एक साथ कितनी फिल्मों में काम किया है?÷ इस पर अभिनेत्री ने कहा था, ÷एक बार में मैंने कम से कम 40 फिल्में साइन की थी और 14 फिल्मों में एक-साथ किया था। मेरी मां, मुझसे हमेशा कहती थीं कि बेटा तुम्हें कितनी भी शोहरत या फिर ऑस्कर अवॉर्ड ही क्यों न मिल जाए, लेकिन तुम्हें हमेशा विनम्रता से ही पेश आना है, तभी तुम मेरी बेटी होगी। अगर तुमने ऐसा नहीं किया, तो तुम मेरी बेटी नहीं। शो के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि बचपन में उनकी मां से उन्हें बहुत मार पड़ी है। अभिनेत्री ने कहा था, ÷मैंने मेरी मां से बहुत मार खाई है, क्योंकि मैं पढ़ाई में बहुत कमजोर हुआ करती थी। अगर मैं फेल हो जाऊं, तो मुझे मां से लंबी बेंत से बहुत मार पड़ती थी। बांस की बेंत देखने में बहुत पतली लगती है, लेकिन जब मार पड़ती थी, तो बहुत जोर से लगती थी। एक बार स्कूल में फेल होने पर उन्हें मां से उसी बेंत से बहुत मार पड़ी थी। अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि उन्हें तब मार्कशीट में लिखे शब्दों का मतलब सही तरीके से नहीं पता था। उन्हें लगा था कि उनके बहुत अच्छे नंबर आए हैं, लेकिन जैसे ही मां ने मार्कशीट देखी तो गुस्से में बेंत से रेखा की खूब पिटाई की। रेखा ने दावा किया था कि वे निशान अभी भी शरीर पर मौजूद हैं। एक बच्चे की चंचलता, मासूमियत और मां-बेटी के रिश्तों को रेखा ने इतने चुलबुले अंदाज में बयां किया था कि सब हंसने लगे थे। अभिनेत्री ने आगे बातचीत में बताया कि वह बहुत नटखट हुआ करती थीं और अक्सर डायरेक्टर और कोरियोग्राफर से अक्सर डांट के साथ-साथ मार पड़ती रहती थी। अभिनेत्री ने अपने एक क्रेजी फैन का भी किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया था कि वह फैन रेखा से मिलने की ललक में उनकी गाड़ी के सामने लेट गया था। उन्होंने कहा, एक बार मेरी गाड़ी निकल रही थी, तभी एक फैन उसके सामने लेट गया और कहने लगा, अगर गाड़ी से निकलकर मुझे झप्पी नहीं दी, तो मार डालो मुझे। तब रेखा गाड़ी से बाहर निकली और फैन से मिली थीं।

'काला हिरण' फिल्म विवाद

सलमान खान को 4 हफ्ते में देना होगा जवाब, 16 दिसंबर को अगली सुनवाई

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने अभिनेता सलमान खान को फिल्म %काला हिरण% के निर्माता की ओर से दायर याचिका पर जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। फिल्म निर्माता ने अदालत से मांग की है कि सलमान खान की ओर से फिल्म पर रोक लगाने के लिए दायर मुकदमे को वापस लेने का निर्देश दिया जाए। निर्माता का तर्क है कि सलमान की ओर से दायर मुकदमे में दिल्ली की अदालत के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र का अभाव है। हाईकोर्ट ने इस याचिका पर सलमान खान से जवाब मांगा है। जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट की ओर से चार हफ्ते का समय दिया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी। दरअसल, पूरा विवाद फिल्म का पोस्टर और टीजर सामने आने के बाद शुरू हुआ। सलमान की तरफ से आरोप लगाया गया कि फिल्म में एक ऐसा किरदार दिखाया गया है, जो काफी हद तक उनसे मिलता-जुलता है। उस किरदार के हाथ में सलमान खान जैसा मशहूर ब्रेसलेट भी नजर आया। सलमान का कहना है कि यह सब उनकी पहचान से जोड़कर दिखाया जा रहा है और उनकी अनुमति के बिना फिल्म में उनकी पर्सनैलिटी का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म के टीजर में 1998 के काले हिरण शिकार मामले से जुड़े संदर्भ भी दिखाए गए हैं। यह वही मामला है, जिससे सलमान खान का नाम लंबे समय से जुड़ा रहा है। सलमान की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि फिल्म में उनके जीवन से जुड़े विवाद को कहानी का हिस्सा बनाया गया है और इसका इस्तेमाल फिल्म के प्रचार के लिए भी किया जा रहा है। उनका कहना है कि इससे उनकी छवि को नुकसान पहुंच सकता है और उनकी पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है। वहीं, फिल्म के डायरेक्टर भरत एस. श्रीनेत का कहना है कि यह फिल्म सलमान खान पर नहीं है। फिल्म का किरदार काल्पनिक है और उसका नाम 'अयान खान' रखा गया है। डायरेक्टर ने ब्रेसलेट को लेकर भी कहा था कि ऐसा ब्रेसलेट सिर्फ सलमान खान ही नहीं पहनते। वहीं अभिनेता को सलमान जैसा दिखाने के लिए किसी तरह का प्रोस्थेटिक मेकअप नहीं किया गया है। 27 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने सलमान खान की आपत्ति पर फिल्म के टीजर और उससे जुड़ी कुछ प्रचार सामग्री के ऑनलाइन लिंक हटाने का अंतरिम आदेश दिया था।



हाईकोर्ट ने इस याचिका पर सलमान खान से जवाब मांगा है। जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट की ओर से चार हफ्ते का समय दिया गया

क्या जान्हवी कपूर अपना ब्यूटी ब्रांड लॉन्च करने की तैयारी में हैं? एक्ट्रेस की लेटेस्ट पोस्ट ने बढ़ाई अटकलें

जान्हवी कपूर जल्द ही ब्यूटी इंडस्ट्री में कदम रख सकती हैं। एक्ट्रेस की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उनके खुद का ब्यूटी ब्रांड लॉन्च करने की अटकलें तेज हो गई हैं। इस पोस्ट में जान्हवी मेकअप के साथ एक्सपेरिमेंट करती नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके हाथों में कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी दिखाई दे रहे हैं, जिनके बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। जान्हवी की इस पोस्ट ने फैंस और ब्यूटी लवर्स का ध्यान खींचा है। कई लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या एक्ट्रेस अपना खुद का ब्यूटी ब्रांड लॉन्च करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, अभी तक जान्हवी या उनकी टीम की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन पोस्ट में जिस तरह से ब्यूटी प्रोडक्ट्स और मेकअप पर फोकस किया गया है, उसने इन अटकलों को और हवा दे दी है। दिलचस्प बात यह है कि यह चर्चा ऐसे समय में शुरू हुई है, जब जान्हवी कपूर हाल ही में पेरिस फैशन वीक में अपनी मौजूदगी को लेकर सुर्खियों में थीं। ग्लोबल फैशन मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने से लेकर फैशन और ब्यूटी की दुनिया में अपनी पहचान बनाने तक, जान्हवी लगातार सिनेमा से आगे अपनी मौजूदगी मजबूत कर रही हैं। अगर ये अटकलें सच साबित होती हैं, तो जान्हवी कपूर उन बॉलीवुड सितारों की सूची में शामिल हो जाएंगी, जिन्होंने ब्यूटी और पर्सनल केयर इंडस्ट्री में कदम रखा है।

जब 'जूली' की शूटिंग के दौरान नेहा धूपिया की मां का ध्यान रखते थे संजय कपूर, एक्ट्रेस ने किया खुलासा

अभिनेत्री नेहा धूपिया ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए साल 2004 में आई फिल्म 'जूली' की शूटिंग से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि उस दौर में उनकी मां अक्सर शूटिंग सेट पर मौजूद रहती थीं, लेकिन अपने कमरे से बाहर नहीं आती थीं। इस दौरान अभिनेता संजय कपूर उनकी मां का खास ख्याल रखते थे और उन्हें सहज महसूस कराने की कोशिश करते थे। दरअसल, संजय कपूर और उनकी पत्नी महीप कपूर हाल ही में नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में शामिल हुए। इस दौरान नेहा ने फिल्म 'जूली' की शूटिंग के दिनों को याद किया और बताया कि कैसे संजय कपूर निर्देशक और निर्माता के साथ काम संभालने के अलावा उनकी मां का भी ध्यान रखते थे। नेहा ने कहा, 'मेरी मां सेट पर आती थीं, लेकिन वह कभी कमरे से बाहर नहीं निकलती थीं। ऐसा नहीं था कि उन्हें कोई बुलाता नहीं था। उन्हें किसी के इनवाइट की जरूरत भी नहीं थी। बात बस इतनी थी कि वह चाहती थी कि मैं अपने काम पर पूरा ध्यान दे सकूं।' उन्होंने आगे बताया कि संजय कपूर इस दौरान उनकी मां को सहज महसूस कराने में काफी मदद करते थे। नेहा ने कहा, %%संजय बहुत अच्छे थे। वह निर्देशक और निर्माता के साथ काम संभालने के साथ-साथ मेरी मां के पास भी जाते थे और उन्हें सहज महसूस कराते थे। वह इन सबके बीच बहुत अच्छी तरह तालमेल बिठाते थे।' नेहा और संजय इससे पहले फिल्म 'कयामत- सिटी अंडर थ्रेट' में भी साथ काम कर चुके हैं। 'जूली' फिल्म की बात करें, तो यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन दीपक शिवदासानी ने किया था, जबकि एन. आर. पचिसिया इसके निर्माता थे। फिल्म में नेहा धूपिया के साथ प्रियांशु चटर्जी, यश टोंक, संजय कपूर और अचिंत कौर भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी मिहिर नाम के एक प्रभावशाली कारोबारी और जूली के इर्द-गिर्द घूमती है। मिहिर को जूली से प्यार हो जाता है, जो वेश्यावृत्ति के पेशे से जुड़ी होती है। जब मिहिर उससे शादी करने का प्रस्ताव रखता है, तो जूली अपने अतीत और पेशे को लेकर असमंजस में पड़ जाती है। उसे समझ नहीं आता कि वह मिहिर के प्रस्ताव को स्वीकार करे या नहीं।





श्रेया घोषाल और सोनू निगम की आवाज में लौटा रोमांस, 'प्रहार' के गाने 'तुझ में बसी मेरी जान' ने बांधा समां

प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल और सोनू निगम एक बार फिर अपनी आवाज का जादू बिखेरने के लिए साथ आए हैं। दोनों ने आने वाली फिल्म 'प्रहार ङ्क द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ उज्ज्वल निकम' के रोमांटिक गाने 'तुझ में बसी मेरी जान' को अपनी आवाज दी है। प्यार, साथ और रिश्तों की खूबसूरती को बयां करता यह गाना फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की शादी के सीक्वेंस के साथ दिखाया गया है। श्रेया और सोनू दोनों ही गाने को लेकर उत्साहित हैं। उनका कहना है कि यह गाना प्यार के उन छोटे-छोटे पलों को खूबसूरती से पेश करता है, जो किसी भी रिश्ते को खास बनाते हैं। श्रेया ने कहा, फतुझ में बसी मेरी जान' प्यार, साथ, और उन छोटे-छोटे पलों का खूबसूरत जश्न है, जो किसी रिश्ते को खास बनाते हैं। इस गाने में एक गर्मजोशी और रोमांस है। मुझे अपनी आवाज के जरिए उस एहसास को सामने लाना बहुत अच्छा लगा। सोनू निगम के साथ गाना हमेशा एक अलग तरह का संगीत अनुभव होता है और इस गाने के साथ भी ऐसा ही रहा। उन्होंने कहा, फपर्दे पर राजकुमार राव और वामिका गब्बी की केमिस्ट्री और उनकी शादी के पलों ने गाने को और खास बना दिया। मुझे उम्मीद है कि जब दर्शक इस गाने को सुनेंगे, तो उन्हें भी वही खुशी और अपनापन महसूस होगा।' सोनू निगम ने कहा, श्रेया घोषाल के साथ दोबारा काम करना शानदार अनुभव रहा। उनकी आवाज गाने में एक खास संवेदनशीलता लेकर आती है। हमने मिलकर कुछ ऐसा बनाने की कोशिश की है, जो लंबे समय तक दिलों में रहे और सीधे दिल को छुए।' सोनू निगम ने राजकुमार राव और वामिका गब्बी की केमिस्ट्री की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'दोनों कलाकारों की पर्दे पर मौजूदगी गाने की भावनाओं के साथ खूबसूरती से मेल खाती है। मुझे उम्मीद है दर्शकों को गाना उतना ही पसंद आएगा, जितना इसे बनाते समय मुझे और श्रेया को अच्छा लगा।' टी-सीरीज की ओर से पेश किए गए इस गाने में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के शादी के सीक्वेंस के जरिए प्यार, अपनापन और खुशी को दिखाया गया है। गाने का संगीत प्रीतम ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। गाने में मराठी बोल अमेय दयाल ने लिखे हैं। 'प्रहार-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ उज्ज्वल निकम' का निर्माण दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स ने किया है। फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि इसका निर्देशन अविनाश अरुण धवारे ने किया है। फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

page 7_Layout 1 09-10-2026 15:36 Page 1

जेवर एयरपोर्ट अब 'नरेंद्र मोदी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट' के नाम से जाना जाएगा, योगी कैबिनेट की मुहर


डेली आवाज भारती



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर रखने का फैसला किया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एयरपोर्ट का नाम %नरेंद्र मोदी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट% करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद सीएम योगी ने इसकी जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के जनसेवा कालखंड को देश और प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कैबिनेट ने इस दौरान कुल 39 प्रस्तावों पर मुहर लगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश कैबिनेट ने उनके योगदान का अभिनंदन करते हुए यह प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश से आत्मीय संबंध है और उनके नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण को अपना ध्येय बनाया है। उनके नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को 500 वर्षों के इंतजार की समाप्ति से जोड़ते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण और विदेश से मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा वापस लाकर स्थापित कराना भी प्रधानमंत्री के प्रयासों के महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, लेकिन अब एक्सप्रेसवे, हाईवे, मेट्रो और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसी परियोजनाओं से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। जेवर एयरपोर्ट के विकास से उत्तर प्रदेश की हवाई संपर्क व्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च 2026 को एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया था। परियोजना के पहले चरण में करीब 11 हजार करोड़ रुपये की लागत से 3,300 एकड़ क्षेत्र में टर्मिनल और रनवे विकसित किए गए हैं। इसकी शुरुआती यात्री क्षमता सालाना लगभग 1.2 करोड़ बताई गई है। सभी चार चरण पूरे होने पर इसे एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शामिल करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में औद्योगिक विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई और पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क जैसी परियोजनाएं निवेश तथा रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती हैं। बेहतर सड़क और हवाई संपर्क से उत्तर प्रदेश लॉजिस्टिक हब के रूप में भी अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

भारतवंशी नवनीतम पिल्लै को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार

रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में निभाई अहम भूमिका



नई दिल्ली। नॉर्वे की नोबेल समिति ने 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार भारतवंशी नवनीतम नावी पिल्लै को देने का ऐलान किया है। उन्हें शांति और अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करने के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में जन्मीं पिल्लै ने रंगभेद के खिलाफ लड़ने वाले नेल्सन मंडेला समेत कई लोगों का कानूनी बचाव किया था। उन्होंने युद्ध अपराध और नरसंहार के दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में भी अहम काम किया है।

एलन मस्क की संपत्ति एक बार फिर 1 ट्रिलियन डॉलर से नीचे

स्पेसएक्स और टेस्ला शेयरों में गिरावट का असर

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल एलन मस्क एक बार फिर ट्रिलियन डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं। स्पेसएक्स और टेस्ला के शेयरों में तेज गिरावट के चलते उनकी संपत्ति एक ही कारोबारी सत्र में 36.4 अरब डॉलर घट गई। फोर्ब्स के अनुसार, गुरुवार (8 अक्टूबर) को मस्क की कुल संपत्ति घटकर 991.6 अरब डॉलर रह गई। उल्लेखनीय है कि उन्होंने केवल तीन दिन पहले ही दोबारा 1 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स के शेयरों में लगभग 3.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों के बीच इस बात को लेकर चिंता बढ़ी कि कंपनी एनवीडिया के चिप्स खरीदने के लिए 40 अरब डॉलर जुटाने की योजना बना सकती है।



वहीं टेस्ला के शेयरों में भी 2 प्रतिशत से अधिक की कमजोरी आई, जिससे मस्क की संपत्ति पर और दबाव बढ़ा। मस्क ने पहली बार जून में 1 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति का आंकड़ा पार किया था, जब स्पेसएक्स सार्वजनिक बाजार में सूचीबद्ध हुई थी। उस समय उनकी अनुमानित संपत्ति लगभग 1.45 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई थी। टेक्नोलॉजी शेयरों में आई व्यापक गिरावट का असर अन्य अरबपतियों पर भी पड़ा। एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग और ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन की कुल संपत्ति में एक ही दिन में लगभग 15 अरब डॉलर की कमी आई। हुआंग की अनुमानित संपत्ति 6.1 अरब डॉलर घटकर 199.3 अरब डॉलर रह गई, जिससे वह 200 अरब डॉलर के स्तर से नीचे आ गए। वहीं लैरी एलिसन की संपत्ति 8.9 अरब डॉलर घटकर 176.8 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

फोर्ब्स की रियल-टाइम अरबपति सूची में हुआंग सातवें और एलिसन आठवें स्थान पर बने हुए हैं, हालांकि दोनों की संपत्ति में गुरुवार को उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

बाजार में कमजोरी का असर अमेरिकी सूचकांकों पर भी दिखाई दिया। नैस्डैक-100 में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई, जो पिछले सात सप्ताह की सबसे बड़ी एकदिवसीय गिरावट रही।

सीजेपी के प्रोटेस्ट को लेकर भारतीय रेलवे अलर्ट

कई ट्रेन कैंसिल, यहां देखें पूरी लिस्ट

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने 10 अक्टूबर को नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर आने वाली कई ट्रेनों को कैंसिल और रीशेड्यूल (समय में बदलाव) किया है। राजधानी में %कॉकरोच जनता पार्टी% (सीजेपी) के प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन के कारण स्टेशनों के आसपास भारी ट्रैफिक जाम की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। डीआरएम दानापुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट कर यात्रियों को इसकी जानकारी दी। डीआरएम ने बताया कि जो मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें 9 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे के बाद अपने सोर्स स्टेशन से चलने वाली हैं और 10 अक्टूबर को सुबह 4 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच नई दिल्ली या हजरत निजामुद्दीन पहुंचने वाली हैं, उन्हें सोर्स स्टेशन पर ही रद्द कर दिया जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे ज्यादा जानकारी के लिए रेलवन ऐप या एनटीईएस ऐप देखें। दानापुर मंडल की तरफ से 4 ट्रेनों को रद्द करने की जानकारी दी गई है। गाड़ी संख्या 20801 मगध एक्सप्रेस ट्रेन इस्लामपुर से 9 अक्टूबर को दोपहर 3:30 बजे चलने वाली थी और 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे नई दिल्ली पहुंचने वाली थी। इसे रद्द कर दिया गया है।

गाड़ी संख्या 12309 राजेंद्र नगर, नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन राजेंद्र नगर से 9 अक्टूबर को शाम 7:10 बजे चलने वाली थी और 10 अक्टूबर को सुबह 7:40 बजे नई दिल्ली पहुंचती। इसे रद्द कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 12393 सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस राजेंद्र नगर से 9 अक्टूबर को शाम 7:20 बजे चलने वाली थी और 10 अक्टूबर को सुबह 7:55 बजे नई दिल्ली पहुंचती। इसे रद्द कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 22361 राजेंद्र नगर - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन राजेंद्र नगर से 9 अक्टूबर को शाम 7:50 बजे चलने वाली थी और 10 अक्टूबर को दोपहर 1:10 बजे नई दिल्ली पहुंचती। इसे भी रद्द कर दिया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने भी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है।

दीपावली से पहले उज्जवला लाभार्थियों को यूपी सरकार की सौगात, मिलेगा मुफ्त सिलेंडर

डेली आवाज भारती

लखनऊ ।**दीपावली** से पहले योगी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में दीपावली और होली पर एक-एक मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने की योजना को जारी रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में पात्र लाभार्थियों को दो मुफ्त सिलेंडर रिफिल मिलेंगे। इस पर राज्य सरकार 2142.78 करोड़ रुपये खर्च करेगी। कैबिनेट बैठक के बाद खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पांडेय ने बताया कि गरीब परिवारों को रसोई गैस की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंत्रिपरिषद ने योजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। पहला मुफ्त रिफिल अक्टूबर से दिसंबर 2026 के बीच दीपावली के अवसर पर और दूसरा जनवरी से मार्च 2027 के बीच होली के अवसर पर दिया जाएगा। योजना का लाभ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उन्हीं लाभार्थियों को मिलेगा, जिनके बैंक खाते आधार से जुड़े होंगे और आधार प्रमाणीकरण पूरा होगा। सरकार ने पात्रता के लिए यह शर्त निर्धारित की है। योगी सरकार पिछले वित्तीय वर्षों में भी दीपावली और होली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को दो मुफ्त सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराती रही है। अब चालू वित्तीय वर्ष में भी यह व्यवस्था जारी रहेगी। सरकार के अनुसार, इससे गरीब परिवारों में स्वच्छ ईंधन का उपयोग बढ़ेगा और महिलाओं तथा बच्चों को परंपरागत ईंधन के धुएं से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद मिलेगी। वहीं, योगी कैबिनेट ने शुक्रवार को एयरपोर्ट का नाम



%नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा जेवर% रखने का प्रस्ताव पारित कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन के मीडिया सेंटर में दोनों उपमुख्यमंत्रियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के साथ पत्रकार वार्ता में इस फैसले की जानकारी दी। सीएम योगी ने कहा कि 65 लाख से अधिक गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास मिले। 3.67 करोड़ राशन कार्डधारक परिवारों के करीब 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन से 2.46 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन मिले। 3.37 करोड़ शौचालय और 59,183 सामुदायिक शौचालय बने। उज्ज्वला योजना से 1.86 करोड़ मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। होली और दीपावली पर राज्य सरकार मुफ्त सिलेंडर दे रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में छह करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी हुए। इनसे 9.90 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य कवच मिला। 1.09 करोड़ गंभीर रोगियों को 18,798 करोड़ रुपये का मुफ्त उपचार मिला। आरोग्य मेलों में 14.67 करोड़ लोगों का उपचार हुआ। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स संचालित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 9.50 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां और निजी क्षेत्र में 65 लाख नियुक्तियां हुईं। 31.11 लाख युवाओं को प्रशिक्षण और 62 लाख से अधिक को स्मार्टफोन तथा टैबलेट दिए गए। मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय, काशी में आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से खिलाड़ियों को नए अवसर मिले हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 लाख स्वयं सहायता समूहों से एक करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। पीएम स्वनिधि से 15 लाख रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को सहायता और स्वामित्व योजना से 1.10 करोड़ ग्रामीण परिवारों को घरौनी मिली। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को दस प्रतिशत आरक्षण भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मिला।

पाकिस्तान को भारी न पड़ जाए 'सऊदी प्रेम'

इधर कुआं-उधर खाई वाले संकट में फंसे शहबाज

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियों के हमलों की निंदा करना पाकिस्तान के लिए दोहरी चुनौती बन सकता है। सऊदी अरब के समर्थन में पाकिस्तान की बयानबाजी कहीं उसी को न भारी न पड़ जाए। पाकिस्तान का सऊदी अरब का समर्थन करना अगर ईरान को नागवार गुजरा तो शहबाज शरीफ के लिए इधर कुआं और उधर खाई वाले हालात तय हैं। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के साथ 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' के तहत हूती समूहों के हमलों की कड़ी आलोचना की है। वहीं, पार्को ्रे तान यह भी दावा करता है कि ईरान के साथ उसके संबंध अच्े छे हैं और अमेरि का से भी। ऐसे में पाकिस्तान का सऊदी अरब को समर्थन करना अमेरिका को तो खुश कर सकता है, लेकि न ईरान को नहीं। ईरान पर पहले से ही हूती समूहों को समर्थन करने के आरोप लगते रहे हैं। ईरान खुद भी अमेरिका से जारी जंग के बीच कई बार अमेरि की सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए सऊदी अरब पर हमले करता रहा है। ऐसे में यह बयानबाजी पार्को ्रे तान को ही भारी पड़ सकती है, वे योंकि एक को खुश करने में दूसरा तो नाराज होगा ही, या तो अमेरिका या फिर ईरान। इस समय सऊदी अरब में हूती वि द्रोहि यों के हमलों का वैश्विक वि रोध हो रहा है। ऐसे में पार्को ्रे तान ने भी सऊदी अरब के समर्थन में हूती विद्रहियों के हमलों के वि रोध में बयानबाजी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'मैं सऊदी अरब के खिलाफ हूती विद्रोहियों की ओर से किए जा रहे बार-बार के हमलों की कड़ी निंदा करता हूं। इनमें रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अभा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया, जिसके कारण लोगों की जान गई और कई नागरिक घायल हुए। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, 'मैं सऊदी सशस्त्र बलों और गठबंधन की सतर्कता तथा पेशेवर क्षमता की सराहना करता हूं, जिन्होंने कई बैलिस्टिक मिसाइलों को बीच रास्ते में ही नष्ट कर दिया। निर्दोष लोगों की जान बचाने और सऊदी अरब की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके निरंतर प्रयास प्रशंसनीय हैं।'प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा, 'पाकिस्तान, सऊदी अरब के नेतृत्व और वहां की जनता के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।

आंध्र प्रदेश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

बीसी के 34 प्रतिशत आरक्षण पर याचिका खारिज

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट से आंध्र प्रदेश सरकार को एक बड़ा झटका लगा है। सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली उसकी याचिका खारिज कर दी, जिसमें स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों के लिए 34 प्रतिशत आरक्षण को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और शील नागू की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा बीसी आरक्षण बढ़ाने के औचित्य हेतु प्रस्तुत आंकड़ों, विशेष रूप से एकीकृत परिवार सर्वेक्षण के निष्कर्षों के कानूनी आधार पर सवाल उठाए। आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि हाई कोर्ट के पास आंकड़ों को अविश्वसनीय बताकर खारिज करने का कोई कारण नहीं था। हालांकि, न्यायमूर्ति दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य सरकार से यह साबित करने को कहा कि हाई कोर्ट ने यह मानने में कहां गलती की है कि सर्वेक्षण के आंकड़े आरक्षण निर्धारण का आधार नहीं बन सकते।

याचिका खारिज करने से पहले सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए बढ़े हुए आरक्षण को उचित ठहराने के लिए सर्वेक्षण आंकड़ों पर भरोसा करने के कानूनी आधार पर सवाल उठाया। 1 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने स्थानीय निकाय चुनावों में बीसी (बहुसंख्यक वर्ग) के लिए 34 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले दो सरकारी आदेशों को रद्द कर दिया, यह मानते हुए कि यह कोटा कुल आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा का उल्लंघन करता है। हाई कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, स्थानीय निकायों में सभी श्रेणियों के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। यह फैसला चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि स्थानीय निकायों में बीसी आरक्षण को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 34 प्रतिशत करना 2024 के विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए उसके प्रमुख वादों में से एक था।

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 18 अगस्त को बढ़े हुए कोटे की घोषणा करते हुए कहा था कि ग्रामीण स्थानीय निकायों में बीसी समुदाय को 34 प्रतिशत और शहरी स्थानीय निकायों में 33.33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। हाई कोर्ट के फैसले के बाद, मुख्यमंत्री नायडू ने अधिकारियों को इस फैसले को चुनौती देने के लिए तुरंत सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को छह सप्ताह के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया। इसने उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जिनमें राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पूरा होने के बाद ही चुनाव कराने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

जेडी वेंस के 'फॉरेन इंडेंचर्ड सर्वेंट्स' बयान पर भारत की कड़ी आपत्ति, कहा- ऐसे शब्द ठीक नहीं

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की ओर से विदेशी कर्मचारियों को 'फॉरेन इंडेंचर्ड सर्वेंट्स' (विदेशी बंधुआ मजदूर) कहे जाने पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब ट्रंप प्रशासन ने परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन (पीईआरएम) कार्यक्रम को निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा, ÷हमारा मानना है कि इस तरह के बयान अनुचित हैं और इस तथ्य को नजरअंदाज करते हैं कि अमेरिका में काम कर रहे भारतीय पेशेवर उच्च शिक्षित और कुशल लोग हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था और नवाचार तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।÷ मंत्रालय ने कहा, ÷खुद अमेरिका का इतिहास भी ऐसे प्रवासियों की पीढ़ियों से बना है, जिनके श्रम, उद्यम और नवाचार ने उसकी प्रगति और समृद्धि में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल, जिनसे ऐतिहासिक और औपनिवेशिक दौर की पीड़ादायक यादें जुड़ी हों, बेहद आपत्तिजनक है। भारत की यह प्रतिक्रिया जेडी वेंस के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट पर अमेरिकी कर्मचारियों की जगह विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि कंपनी को विदेशी कर्मचारियों की बजाय अमेरिकी नागरिकों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

वेंस ने अपने आरोपों के समर्थन में माइक्रोसॉफ्ट की ओर से कर्मचारियों की छंटनी और एच-1बी वीजा तथा ग्रीन कार्ड के उपयोग का हवाला दिया। उन्होंने कहा, पिछले एक साल में माइक्रोसॉफ्ट ने 6,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की। इसी दौरान कंपनी को 6,300 एच-1बी वीजा और लगभग 3,000 ग्रीन कार्ड मिले। अगर आप गणना करें, तो कंपनी ने जितने अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, उनकी जगह लगभग डेढ़ गुना विदेशी 'इंडेंचर्ड सर्वेंट्स' को लेकर आई। ट्रंप प्रशासन के फैसले के तहत कई बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग कंपनियों की पीईआरएम कार्यक्रम में भागीदारी निलंबित कर दी गई है। यह कार्यक्रम कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड प्रक्रिया के तहत स्थायी श्रम प्रमाणन प्राप्त करने की अनुमति देता है।

वर्ल्ड संगठन के निदेशक मनीष सक्सेना को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मिला सम्मान

डेली आवाज भारती



जयपुर। वन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के राज्यस्तरीय समापन समारोह के अवसर पर अरण्य भवन ऑडिटोरियम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स अरिजीत बनर्जी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) शिखा मेहरा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन) पवन कुमार उपाध्याय, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए. अरुण प्रसाद तथा उपवन संरक्षक वन्यजीव डॉ. आशीष व्यास ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, भारत सरकार के प्रतिनिधि एवं वाइल्ड लाइफ क्राइम कन्ट्रोल ब्यूरो के मनीष सक्सेना को प्रशस्ति पत्र एंव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड संगठन के निदेशक मनीष सक्सेना पिछले छब्बीस वर्षों से राजस्थान में वन्यजीव संरक्षण, पशु कल्याण एवं उनके अधिकारो के लिए कार्यरत है। मनीष सक्सेना द्वारा वन्यजीव संरक्षण तथा पशु कल्याण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान एवं सेवाओं को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा उन्हें अनेकों बार सम्मानित किया गया है। उन्हें राजस्थान सरकार द्वारा वन विभाग का मानद् वन्यजीव प्रतिपालक एवं राज्य के विभिन्न जिलों में गठित पशु करूरता निवारण समितियों का सदस्य भी मनोनीत किया गया। वर्तमान में सक्सेना राजस्थान में प्रतिनिधि, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, भारत सरकार के पद पर कार्यरत हैं।

मस्क के आरोपों पर बोले ज्योतिरादित्य सिंधिया

भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता है। उनका यह बयान सैटेलाइट संचार सेवाओं को लेकर जारी विवाद और एलन मस्क के आरोपों के बीच आया है। सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के दौरान कहा, एक विशेष कंपनी को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन तीन कंपनियों को सैटकॉम लाइसेंस मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैटेलाइट संचार सेवा प्रदाता राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं और निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद ही अपना परिचालन शुरू कर सकते हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मस्क का बचाव किए जाने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए



सिंधिया ने कहा कि उनकी पार्टी को यह भी नहीं पता कि वह ÷बाएं जा रही है या दाएं। सिंधिया ने कनेक्टिविटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भारत की प्रगति के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि भारत में 1.1 अरब ब्रॉडबैंड कनेक्शन हैं और देश के 99.9 प्रतिशत जिलों में 5जी कवरेज उपलब्ध है। इससे पहले, संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा था कि भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं की शुरुआत फिलहाल गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही है। उन्होंने संकेत दिया कि सभी सैटेलाइट संचार कंपनियां नियामकीय प्रक्रिया के लगभग समान चरण में हैं। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 से साइडलाइन में बातचीत में पेम्मासानी ने कहा कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) सैटेलाइट संचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही लाइसेंस और स्पेक्ट्रम से संबंधित अस्थायी मंजूरियां जारी कर चुका है। हालांकि, परिचालन शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी गृह मंत्रालय द्वारा सुरक्षा संबंधी आकलन पूरा किए जाने पर निर्भर है। मंत्री ने कहा, अब सुरक्षा मंजूरी का मामला गृह मंत्रालय के पास लंबित है। जैसे ही मंजूरी मिल जाएगी, उन्हें यह मिल जाएगी। इसका किसी एक कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है। यह बयान भारतीय बाजार में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के प्रवेश को लेकर जारी चर्चा के बीच आया है।

page 8_Layout 1 09-10-2026 21:39 Page 1

नाना पाटेकर के निधन पर गोवा पुलिस ने दर्ज किया 'अननेचुरल डेथ' केस, परिवार का बयान होगा दर्ज

डेली आवाज भारती

पणजी । बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर के निधन के मामले में गोवा पुलिस ने मेडिको-लीगल अप्राकृतिक मौत (अननेचुरल डेथ) का केस दर्ज किया है। यह केस बीएनएसएस की धारा 194 के तहत दर्ज किया गया है और इसकी जांच पीएसआई नितिन नाईक कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, नाना पाटेकर को उनके डोना पाउला स्थित निवास से मणिपाल अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें लाए जाने पर मृत घोषित कर दिया। जांच के तहत पुलिस पंचनामा करेगी, जीएमसी में पोस्टमार्टम की रिपोर्ट और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए परिवार के सदस्यों और अन्य



संबंधित लोगों के बयान दर्ज करेगी।

फिलहाल पुलिस मौत के हालात और कारणों की जांच कर रही है। अगर मौत प्राकृतिक पाई जाती है तो केस बंद किया जा सकता है, लेकिन अगर कोई साजिश या संदिग्ध परिस्थिति सामने आती है तो आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले मणिपाल अस्पताल के डॉ. शेखर सालकर ने गुरुवार सुबह मीडिया को बताया था, ÷हमने यहां अपनी तरफ से पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें मृत अवस्था में लाया गया था और फिर हमें पुलिस केस बनाना पड़ा।

डॉक्टर ने यह भी बताया था, जहां तक हमें बताया गया है, वह हृदय रोग के मरीज थे और दवा ले रहे थे। नाना पाटेकर का निधन गुरुवार तड़के गोवा में उनके आवास पर कार्डियक अरेस्ट के बाद हुआ। मणिपाल अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए करीब 45 मिनट तक सीपीआर दिया, लेकिन उन्हें सुबह 5.20 बजे मृत घोषित कर दिया गया।

मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को हराकर जीता IFA SHIELD

22वीं बार बना चैंपियन



डेली आवाज भारती

कोलकाता। मोहन बागान सुपर जायंट ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर IFA Shield 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। गुरुवार, 8 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बोस्नियाई मिडफील्डर समीर जेल्जकोविच का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ मोहन बागान ने प्रतियोगिता में अपना 22वां खिताब हासिल किया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों ने गोल करने के मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन पहले हाफ के अंतिम क्षणों में मोहन बागान को सफलता मिली। 45वें मिनट में समीर जेल्जकोविच ने सहल अब्दुल समद के चिप पास को छाती से नियंत्रित किया और गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इस गोल से मोहन बागान ने 1-0 की बढ़त बना ली।

आईपीएल 2027 से पहले पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ में बदलाव

तीन कोच हुए अलग

डेली आवाज भारती



पंजाब। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2027 से पहले पंजाब किंग्स (PBKS) के कोचिंग स्टाफ में बदलाव की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, टीम के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हैडिन अपनी भूमिकाएं छोड़ चुके हैं। इससे पहले स्पिन गेंदबाजी कोच सैराज बहुतुले भी फ्रेंचाइजी से अलग हो गए थे। ऐसे में आगामी सीजन से पहले टीम को अपने कोचिंग स्टाफ में नए चेहरे शामिल करने पड़ सकते हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जेम्स होप्स को क्रींसलैंड और ब्रिस्बेन हीट की कोचिंग की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स की पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। इन नई जिम्मेदारियों के चलते दोनों के पंजाब किंग्स से अलग होने की जानकारी सामने आई है। होप्स टीम में तेज गेंदबाजी और हैडिन फील्डिंग विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सैराज बहुतुले के भी टीम से अलग होने की खबर है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, वह भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ में स्पिन गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाने के लिए फ्रेंचाइजी से अलग हुए हैं। तीन कोचों के अलग होने के बाद पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के सामने सपोर्ट स्टाफ में खाली पदों को भरने की चुनौती होगी।

नशे के कारण युवाओं की जा रही जानें चिंता का विषयः चरणजीत सिंह कालेवाल

भाजपा पूरे पंजाब में नशा मुक्ति यात्राओं के माध्यम से दे रही जागरूकता का संदेश

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया। पंजाब में नशे के कारण युवाओं की जा रही जानें बेहद चिंता का विषय हैं। नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए, न कि उनकी आवाज को दबाया जाए या उनके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया जाए। ये विचार भाजपा नेता जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल ने हलका खरड़ के गांव गुम्रो में आयोजित एक राजनीतिक सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल ने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या के कारण कई परिवारों को



भारी दुख का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं को नशे से बचाना और उनकी कीमती जानें सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब लोग नशे के खिलाफ आवाज उठाते हैं और अपनी शिकायतें सामने रखते हैं, तो संबंधित लोगों की बात सुनकर समस्या का समाधान करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिए। नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की शिकायतों को गंभीरता से लेना समय की जरूरत है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरे पंजाब के विभिन्न इलाकों में नशा मुक्ति यात्राएं निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इन यात्राओं का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है, ताकि युवा पीढ़ी को इस बुराई से बचाया जा सके। सड़कों की खराब हालत का मुद्दा उठाते हुए कालेवाल ने कहा कि कई स्थानों पर सड़कों पर रोड़ा, बजरी और गटका डालकर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने मांग की कि अधूरी पड़ी सड़कों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था बेहतर हो।

मुंडी खरड़ के एकमजोत सिंह सैनी ने जिला स्तरीय खेलों में जीता गोल्ड मेडल, राणा गिल ने किया सम्मानित

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया। मोहाली में पिछले दिनों आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में हलका खरड़ के गांव मुंडी खरड़ निवासी एकमजोत सिंह सैनी ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता और पूरे खरड़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी एकमजोत सिंह सैनी मध्य प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सिल्वर मेडल हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उनकी इन शानदार उपलब्धियों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार रणजीत सिंह गिल



विशेष रूप से उनके घर पहुंचे और उन्हें सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर रणजीत सिंह गिल ने कहा कि मात्र 16 वर्ष की उम्र में एकमजोत सिंह सैनी ने जिस तरह की उपलब्धियां हासिल की हैं, वे बेहद सराहनीय हैं। स्पीड स्केटिंग के क्षेत्र में एकमजोत ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ 'खेडां वतन पंजाब दियां' में भी तीन मेडल जीतकर अपनी काबिलियत साबित की है। विभिन्न स्तरों पर शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने यह दिखाया है कि मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एकमजोत सिंह सैनी की उपलब्धियां केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे खरड़ क्षेत्र के लिए गर्व की बात हैं। उनकी मेहनत और खेलों के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ी के बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे होनहार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और उनका मनोबल बढ़ाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि वे भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकें। रणजीत सिंह गिल ने एकमजोत सिंह के पिता सरदार सतवीर सिंह सैनी, उनकी माता और दादी की भी सराहना की।

गुरु नानक कालेज के प्रो.डा.कुलबीर मलिक को ईश्वर चंद्र नंदा अवार्ड मिलना कालेज के लिए गर्व की बात : असीसप्रीत साईयांवाला

- कालेज चेयरमैन ने स्टाफ के साथ मिठाई खिलाकर प्रो.डा.कुलबीर मलिक को अवार्ड मिलने पर दी बधाई

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): गुरु नानक कालेज फिरोजपुर छावनी के चेयरमैन स.असीसप्रीत सिंह साईयांवाला ने कालेज के पंजाबी विभाग के प्रो.डा.कुलबीर मलिक को भाषा विभाग पंजाब की तरफ से ईश्वर चंद्र नंदा अवार्ड मिलने पर बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की। स.असीसप्रीत सिंह साईयां वाला ने कहा कि कालेज



के प्रो.डा.कुलीर मलिक को यह अवार्ड मिलना कालेज, स्टाफ और छात्रों के लिए गर्व की बाता है। यहां बताने योगय है कि बीती 8 अक्तूबर को भाषा विभाग पंजाब की तरफ से पंजाबी सप्ताह मनाने से पहले इस वर्ष नाटक के क्षेत्र में डा.कुलबीर मलिक की नाटक की पुस्तक डाक नित आऐगी को ईश्वर चंद्र नंदा अवार्ड के लिए चुना गया है। इस मौके पर कालेज चेयरमैन असीसप्रीत सिंह साईयांवाला ने कालेज के समूह स्टाफ के साथ प्रो.कुलबीर मलिक को मिठाई खिलाकर अवार्ड मिलने के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पंजाब डाक सर्कल विश्व डाक दिवस 2026 मना रहा

'एक डाक नेटवर्क, अनंत संभावनाएं'

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। डाक विभाग, पंजाब सर्कल, 9 अक्टूबर, 2026 को विश्व डाक दिवस मनाएगा। इस अवसर पर, नागरिकों को सुलभ, समावेशी और प्रौद्योगिकी-आधारित डाक सेवाएं प्रदान करने में भारतीय डाक की विकसित होती भूमिका को उजागर करने वाली गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इस वर्ष के विश्व डाक दिवस का विषय है ÷विश्व डाक दिवस- एक डाक नेटवर्क, अनंत संभावनाएं÷, जो डाक नेटवर्क की व्यापक पहुंच और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से लोगों, व्यवसायों और समुदायों को जोड़ने की इसकी क्षमता को दर्शाता है। इस अवसर पर, पंजाब पोस्टल सर्कल डिजिटल जनसंपर्क, प्रौद्योगिकी और ग्राहक-केंद्रित पहलों के माध्यम से डाक सेवाओं में हुए बदलावों को प्रदर्शित करेगा। डाक सेवा ऐप और डाक मित्र ऐप प्रमुख डिजिटल पहलों में से हैं जिनका उद्देश्य डाक सेवाओं को ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाना है। डाक विभाग एन-जेन डाकघरों और जन सेवा कनेक्ट डाकघरों के माध्यम से अपनी सेवा वितरण अवसंरचना का आधुनिकीकरण भी कर रहा है, जिससे नागरिकों को बेहतर और अधिक ग्राहक-अनुकूल सेवा स्थान उपलब्ध हो सकें।



उत्सव के उपलक्ष्य में, सप्ताह भर में कई विषयगत गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा

* 9 अक्टूबर, 2026 - विश्व डाक दिवस- सार्वभौमिक डाक संघ की स्थापना और निरंतर महत्व तथा विश्व भर के समुदायों को जोड़ने में डाक नेटवर्क की भूमिका का जश्न मनाना।

* 12 अक्टूबर, 2026 - डाक टिकट संग्रह दिवस- डाक टिकटों, डाक टिकट संग्रह और भारत की समृद्ध डाक विरासत में रुचि को बढ़ावा देना।

* 13 अक्टूबर, 2026 - वित्तीय समावेशन और सीसीएस दिवस- वित्तीय सेवाओं के विस्तार और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में इंडिया पोस्ट की भूमिका पर प्रकाश डालना।

* 14 अक्टूबर, 2026 - डाक एवं पार्सल दिवस- डाक मेल और पार्सल नेटवर्क तथा व्यक्तियों, संस्थानों और व्यवसायों को जोड़ने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना।

* 15 अक्टूबर, 2026 ङ्क प्रौद्योगिकी एवं नवाचार दिवस- डाक सेवा वितरण में सुधार के लिए शुरू की जा रही तकनीकी प्रगति और नवोन्मेषी पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा।

विश्व डाक दिवस समारोह पंजाब डाक सर्कल की डाक नेटवर्क को मजबूत करने और इसे अधिक आधुनिक, सुलभ, प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-केंद्रित सेवा मंच बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो वास्तव में ५एक डाक नेटवर्क, अनंत संभावनाएं५ की भावना को दर्शाता है।

पंजाब के मच्छली पालक किसानों द्वारा गांव काहन सिंह वाला में बने मच्छली फार्म का किया दौरा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मान्नीय निर्देशक व वार्डन मच्छली पालन विभाग पंजाब एस.ए.एस नगर मोहाली के दिशा-निर्देशानुसार बीते दिन जिला अमृतसर, तरनतारन, मोगा, लुधियाना, फरीदकोट, जालंधर और कपूरथला के मच्छली पालक किसानों का अनुभव दौरा गांव काहन सिंह वाला ब्लॉक गुरुहरसहाय जिला फिरोजपुर में करवाया गया। इसमें विभिन्न जिलों के लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरदेव सिंह गिल निर्देशक व वार्डन मच्छली पालन विभाग, पंजाब ने शिरकत की। इस मौके पर मच्छली पालक गुरमीत सिंह काहन सिंह वाला और गुरिंदर



सिंह बावा के मच्छली फार्म पर आयोजित किया गया था, जो पिछले 20-25 वर्षों से अपनी जमीन में मछली पालन का व्यवसाय कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत गुरमीत सिंह काहन सिंह वाला और गुरिंदर सिंह बावा द्वारा विभिन्न जिलों से आए विभागीय अधिकारियों और मच्छली पालक किसानों का स्वागत करते हुए फिरोजपुर द्वारा विभिन्न जिलों से आए विभागीय अधिकारियों और मच्छली पालक किसानों को जानकारी दी गई कि गांव काहन सिंह वाला ब्लॉक गुरुहरसहाय में पिछले लंबे समय से 200 एकड़ से ऊपर के रकबे में मछली पालन का व्यवसाय किया जा रहा है। इस बारे में विस्तृत जानकारी सभी किसानों के साथ साझा की गई। गुरबीर सिंह सहायक निर्देशक मत्स्य पालन तरनतारन द्वारा सभी मच्छली किसानों को एन.एफ.डी.पी रजिस्ट्रेशन संबंधी और मछली पालन संबंधी बनाई गई सहकारी समितियों की रजिस्ट्रेशन करवाने और रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान श्रीमती मनजोत कौर सहायक निर्देशक मच्छली पालन फिरोजपुर द्वारा पीएमएमएमवाई स्कीम के तहत मिलने वाले वित्तीय लाभों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। जबकि जगमिंदर सिंह सहायक निर्देशक मत्स्य पालन श्री मुक्तसर साहिब द्वारा सीनियर मत्स्य पालन अधिकारी (प्रसार) फिरोजपुर रहते हुए गांव काहन सिंह वाला में मछली पालन के विकास संबंधी किए गए कार्यों और किसानों को मच्छली पालन संबंधी प्रेरित करने के अपने अनुभव को साझा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील मच्छली पालक जसवंत सिंह द्वारा अपनी मुख्य मांगों जैसे बिजली बिलों की माफी (कृषि की तर्ज पर) और पंजाब की मुख्य मछली मंडियों (लुधियाना) आदि में बाहरी राज्यों से आ रही मच्छली की बिक्री पर रोक लगाने आदि के बारे में निदेशक व वार्डन मच्छली पालन, पंजाब के समक्ष रखी गई। जिस पर निदेशक व वार्डन मच्छली पालन, पंजाब द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपकी मांगों का हल निकालने के लिए पुरजोर प्रयास किए जाएंगे।

70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलें

कबड्डी सर्कल स्टाइल (अंडर-14 लड़कों) के मुकाबले शानदार ढंग से संपन्न

डेली आवाज भारती

भवानीगढ़, मोहिंदर सिंह, बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टेडियम, पन्नवां में 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलें 2026-27 के तहत कबड्डी सर्कल स्टाइल अंडर-14 (लड़कों) के राज्य स्तरीय मुकाबले बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन खेलों का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) श्रीमती तरविंदर कौर और उप जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मनजीत कौर के कुशल नेतृत्व में किया गया। इन मुकाबलों के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संगरूर की विधायक नरिंदर कौर भराज के पिता सरदार गुरनाम सिंह पहुंचे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आपसी सहयोग और स्वस्थ जीवनशैली की भावना विकसित करते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना और पूरी ईमानदारी के साथ मैदान में उतरना चाहिए। टूर्नामेंट के कन्वीनर सरदार जसवीर सिंह (डीपीई) और जिला स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्रीमती नरेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों की अंडर-14 आयु वर्ग के लड़कों की कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मानसा जिले ने पहला स्थान, कपूरथला जिले ने दूसरा स्थान और मेजबान टीम संगरूर ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर खेलों के ओवरऑल इंचार्ज प्रिंसिपल सरदार परमल सिंह तेजा (सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नदामपुर), हेडमास्टर सुखविंदरपाल, हेडमास्टर सुखदीप सिंह, हेडमिस्ट्रेस जसवीर कौर रामपुरा, सतनाम दास (डीपीई), जसतिंदर सिंह (डीपीई) और जसवीर सिंह (लेक्चरर, शारीरिक शिक्षा) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी, लालडू और लोहगढ़ के सरकारी स्कूलों में आयोजित मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलनियों में की शिरकत

विद्यार्थियों की पढ़ाई और प्रगति को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों के साथ की चर्चा

डेली आवाज भारती

डेराबस्सी/साहिबजादा अजीत सिंह नगर/तरनप्रीत गिल : विधानसभा हलका डेराबस्सी के विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने हलके के तीन सरकारी स्कूलों में आयोजित मेगा अभिभावक-शिक्षक मिलनियों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्कूल ऑफ एमिनेंस, डेराबस्सी, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, लालडू और पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, लोहगढ़ में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ बातचीत की। इन मिलनियों के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई,



शैक्षणिक प्रदर्शन और समग्र प्रगति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों और विद्यार्थियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी साझा की गई। विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई और उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें तथा शिक्षकों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग बेहद जरूरी है। इस अवसर पर अभिभावकों को बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों के व्यवहार, संगति और गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली और सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने के महत्व पर भी जोर दिया गया। विधायक रंधावा ने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित बनाने, उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सरकार, स्कूलों और अभिभावकों का संयुक्त योगदान अनिवार्य है।

'हमारे बुजुर्ग, हमारा मान' अभियान के तहत जीरकपुर में विशेष स्वास्थ्य एवं मेडिकल जांच शिविर आयोजित

- सीनियर सिटीजन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन और सहायक उपकरणों के लिए भी उपलब्ध करवाई गईं सुविधाएं

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत गिलः पंजाब सरकार के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही 'हमारे बुजुर्ग, हमारा मान' मुहिम के तहत आज सीनियर सिटीजन फोरम, जीरकपुर में विशेष स्वास्थ्य एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हलका



डेराबस्सी के विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि नगर परिषद जीरकपुर के अध्यक्ष सरदार गुरप्रीत सिंह वीरक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बुजुर्गों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की। इस टीम में आंखों, नाक-कान-गले और हड्डियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के अलावा आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक डॉक्टर भी शामिल थे। जांच के बाद जरूरतमंद बुजुर्गों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। बुजुर्गों को सरकारी एवं प्रशासनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सेवा केंद्र की टीमों द्वारा मौके पर ही सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने और बुढ़ापा पेंशन के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही एलिम्को (स्ह्रस्ष्ट्ठह्र) की टीम ने जरूरतमंद बुजुर्गों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए उनकी आवश्यकताओं का आकलन भी किया। शिविर में कानूनी टीम ने भी विशेष रूप से भाग लिया। टीम द्वारा बुजुर्गों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में जागरूक किया गया और उनके कानूनी अधिकारों संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्रीमती नवदीप कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा बुजुर्गों की देखभाल, स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए 'हमारे बुजुर्ग, हमारा मान' मुहिम के तहत ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

CMYK